Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 44 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 26 जुलाई 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



आत्मीयता की बात जड़ से नहीं चेतन से होती है।

Own ness pertains to living one not to non-soul.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री साय ने कारगिल विजय दिवस पर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई पर भारतीय जवानों की वीरता को नमन करते हुए कारगिल युद्ध के शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कारगिल विजय दिवस के दिन हम देश के उन वीर जवानों की बहादुरी को याद करते है, जिन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपनी प्राणों की परवाह न करते हुए कारगिल को मुक्त कराया। उनकी बहादुरी और शौर्य की गाथा हमें सदैव प्रेरणा देती रहेगी। यह देश के वीर सपूतों, कारगिल योद्धाओं की बहादुरी का स्मरण करने, उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रगट करने का दिन है।

### सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत आठ अगस्त तक बढ़ी

**दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली आबकारी नीति सीबीआई मामला में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ा दी। उन्हें तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अदालत से राहत नहीं मिली है। अदालत ने सीएम केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि 8 अगस्त तक बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के चर्चित शराब घोटाले में आरोपी बनाया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नीट यूजी 2024 का रिवाइज्ड रिजल्ट घोषित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट यूजी परीक्षा का रीवाइज्ड रिजल्ट घोषित कर दिया है। जिन उम्मीदवारों ने 5 मई को नीट यूजी परीक्षा 2024 में भाग लिया है, वे अपना रिजल्ट आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं। नीट यूजी 2024 रिजल्ट को चेक करने के लिए उम्मीदवारों को लॉगिन क्रेडेंशियल यानी एप्लिकेशन नंबर और पासवर्ड का इस्तेमाल करना होगा।

## मुख्यमंत्री साय की पहल, नक्सल पीड़ित परिवारों के परिजनों को मिलेगी अनुकम्पा नियुक्ति

### नक्सल पीड़ित परिवारों के पुनर्वास हेतु जिला स्तरीय समिति में लिया गया निर्णय

### प्रथम चरण में 58 लोगों को मिलेगी शासकीय नौकरी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नक्सली हिंसा में मृतक के परिजनों को छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति के तहत शासकीय सेवा में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य के सभी वर्गों के विकास के लिए कल्याणकारी योजनाओं का त्वरित क्रियान्वयन कर लाभांवित किया जा रहा है। आज बीजापुर जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक में नक्सल पीड़ित परिवारों के 58 लोगों को अनुकम्पा नियुक्ति देने का निर्णय लिया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि अनुकम्पा नियुक्ति के लिए कुल 58 पात्र आवेदकों को प्रथम चरण में अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। पूर्व में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 19 जुलाई तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी, बाद में इस तिथि में वृद्धि करते हुए 24 जुलाई 2024 को निर्धारित की गई। उक्त तिथियों में प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण करते हुए समिति के निर्णय के आधार पर विभिन्न विभागों में चतुर्थ वर्ग के पदों पर नियुक्ति हेतु अंतिम रूप से 58 आवेदक प्रथम चरण में पात्र पाए गए हैं, जिन्हें यह नियुक्ति दी जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में होगी नीति आयोग की बैठक, मुख्यमंत्री साय होंगे शामिल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नीति आयोग की बैठक 27 जुलाई को दिल्ली में होने जा रही है.इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे.नीति आयोग की बैठक में शामिल होने सीएम साय शुक्रवार शाम को दिल्ली रवाना होंगे। बता दें कि नीति आयोग की स्थापना 2015 में हुई थी.राज्यों के संबंध में नीति आयोग का मुख्य उद्देश्य सहकारी संघवाद को बढ़ावा देना,विकास को बढ़ाना और समावेशी विकास सुनिश्चित करना है.इससे पहले देश में 1950 में योजना आयोग बनाया गया था, जो वर्ष 2014 तक लगातार काम करता रहा.

## छत्तीसगढ़ विधानसभा में गूंजा दवा और उपकरण में अनियमितता का मुद्दा

**स्वास्थ्य मंत्री ने दिया जवाब, कहा- तीन महीने के भीतर जांच कराई जाएगी**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरुवार को दवा और उपकरण खरीदी में अनियमितता का मामला गूंजा. भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने ध्यानाकर्षण के जरिए मामला उठाते हुए कहा कि बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है. क्या इसकी जांच कराई जाएगी? स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने बताया कि तीन आईएएस अधिकारियों की समिति जांच कर रही है. तीन महीने के भीतर जांच कराई जाएगी. भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि सीजीएमएससी ने दवा और मेडिकल उपकरण की खरीदी में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है. एजी ने भी अपनी रिपोर्ट में इस पर आपत्ति जताई थी. नियमों के विरुद्ध बाजार दर से अधिक कीमत पर खरीदी की गई. बिना मांग सरकारी अस्पतालों में जांच किट भेजी गई. तीस से अधिक जिलों में बग़ैर डिमांड के रिएजेंट भेज दिया गया. इसकी ख़रीदी कई गुना अधिक दर पर की गई।

लगातार शिकायत के बाद भी अब तक कार्रवाई नहीं हुई। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि खुली निविदा जारी कर सीजीएमएससी ने दवा और उपकरण की ख़रीदी की है. एजी रिपोर्ट आने के बाद तथ्य देकर विभाग उसका निराकरण करता है. अन्य राज्यों के कारपोरेशन की दरों की तुलना कर खरीदी का दर तय किया जाता है. पिछले तीन सालों में बगैर डिमांड के खरीदी नहीं की गई है.

## ग्रीन स्टील से शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य के साथ ही खुलेंगे आर्थिक संभावनाओं के भी द्वार : विष्णुदेव साय

**मुख्यमंत्री सीआईआई द्वारा आयोजित ग्रीन स्टील समिट 2024 में हुए शामिल**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** क्लाइमेट चेंज की चुनौती से निपटने के लिए पूरी दुनिया ग्रीन स्टील की ओर रुख कर रही है। स्टील के उत्पादन में अग्रणी राज्यों में से एक होने के नाते ग्रीन स्टील छत्तीसगढ़ के लिए भी बड़ी संभावनाएं लेकर आया है। इससे न केवल कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में हमें मदद मिलेगी, अपितु इस क्षेत्र में नवीन पहल कर हम बड़ी आर्थिक उपलब्धियों की संभावनाओं का द्वार खोल सकते हैं। यह बात मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर अटल नगर स्थित मेफेयर लेक रिसार्ट में आयोजित ग्रीन स्टील समिट 2024 में शामिल होने के अवसर पर कही। इस समिट का आयोजन भारतीय इस्पात उद्योग को कार्बन रहित बनाने के उद्देश्य से किया गया है। समिट में देश भर के प्रमुख उद्योगपति, व्यापारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में सीआईआई को आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश भारत का सबसे प्रमुख स्टील निर्माता है। हमारे यहां सार्वजनिक क्षेत्र के भिलाई स्टील प्लांट और नगरनार स्टील प्लांट जैसी बड़ी इकाईयां तो संचालित है ही, साथ ही निजी क्षेत्र के अनेक छोटे-बड़े इस्पात संयंत्र संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र एशिया का सबसे बड़ा स्टील प्लांट है और छत्तीसगढ़ में लोहे के विशाल भंडार हैं, जिनमें बैलाडीला, रावघाट और दल्लीराजहरा प्रमुख हैं। छत्तीसगढ़ का देश में कुल उत्पादित स्टील में 20 प्रतिशत तक का योगदान है और राज्य की अर्थव्यवस्था में उद्योगों की भागीदारी 53.50 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री ने इस्पात उद्योग से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण के वैश्विक चिंताओं पर भी प्रकाश डाला और कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने का दृष्टिकोण सामने रखा है। उन्होंने केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की घोषणा की सराहना की और राज्य में सौर ऊर्जा और हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों का उल्लेख किया।

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विजिलेंस सेल का किया गठन

**रायपुर ( विसं )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज पक्ष और विपक्ष की जोरदार नोकझोंक देखने को मिली। प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष ने कई सवाल भी उठाए। इस दौरान प्रदेश में पंजीयन मामले में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया गया। विधायक सुशांत शुक्ला के सवाल पर मंत्री ओपी चौधरी ने जवाब देते हुए कहा कि गड़बड़ी रोकने रजिस्ट्री विभाग में विजिलेंस सेल का गठन हुआ है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि विजिलेंस सेल बड़े और विशेष केस की जांच करेगी। फिलहाल प्रतिबंधित खसरे की पंजीयन रोकी गई है। अगर कोटवारी जमीन की रजिस्ट्री हुई है, तो इसका परीक्षण कराएंगे।

## सोलर लाइट खरीदी में भारी भ्रष्टाचार, मंत्री राम विचार नेताम ने जांच कराने की घोषणा की

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पूरे प्रदेश के आदर्श ग्राम योजना में सोलर लाइट खरीदी की जांच होगी. विधान सभा की जांच समिति जांच करेगी. भाजपा विधायक लता उसेंडी के सवाल के जवाब में मंत्री राम विचार नेताम ने 2021 से 2024 के बीच हुई खरीदी की जांच कराने की घोषणा की.

कोंडागाँव विधायक लता उसेंडी ने प्रश्नकाल में इस मामले को उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत हुई सोलर लाइट की खरीदी में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है. अधिकारियों ने मंत्री को सदन में गलत जानकारी दी है. 12 जून को आरटीआई से मिली जानकारी में बताया गया है कि 3 अधिकारियों के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई है. मंत्री सदन में गलत जानकारी दे रहे हैं. पिछली सरकार में सोलर लाइट को लेकर गड़बड़ी हुई है. सक्षम अधिकारियों ने गड़बड़ी की है.

इस पर मंत्री रामविचार नेताम ने सदन में घोषणा करते हुए कहा कि सदन की समिति से इस मामले की जांच कराई जाएगी. पूरे प्रदेश के मामले इसमें शामिल किए जाएँगे. इस पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि सरकार ने जवाब दिया है कि राज्य स्तरीय समिति जांच कर रही है. क्या सदन की समिति से राज्य स्तरीय समिति की जांच के बिंदु शामिल किए जाएँगे।

## कांग्रेस ने संसद में उठाया फ्लाइट में हो रही देरी का मुद्दा, पूछा- सरकार क्या कर रही है?



**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** कांग्रेस ने आज संसद में हवाई उड़ानों में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। कांग्रेस की ओर से मोर्चा संभालते हुए केसी वेणुगोपाल ने कहा कि फ्लाइट्स में देरी, खासकर एयर इंडिया और अन्य उड़ानों में देरी आजकल आम बात हो गई है। इस देरी के कारण लोगों को परेशानी होती है।सांसद ने कहा, कभी-कभी, बिना किसी पूर्व सूचना के उड़ानें रद्द कर दी जाती हैं और ग्राहकों को रिफंड भी नहीं किया जाता है। क्या सरकार ने इन मुद्दों का अध्ययन कर रही है? लगातार कैंसिल हो रही फ्लाइट्स की निगरानी के लिए क्या कोई प्रणाली स्थापित की है?

उन्होंने फ्लाइट्स में हो रही देरी को लेकर केंद्र सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा, मैं केरल का प्रतिनिधित्व करता हूं, तो मैं आपको एक बात कह सकता हूं कि हमारे प्रदेश के बहुत सारे लोग खाड़ी देशों में रहते हैं। इन लोगों को आमतौर पर जब कभी भी खाड़ी देश जाना होता है, तो इन्हें फ्लाट्स में देरी की वजह से काफी जूझना पड़ता है। कई बार तो यात्रियों को बिना सूचित किए फ्लाइट कैंसिल कर दी जाती है। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, यात्रियों को हो रही इन परेशानियों को ध्यान में रखते हुए मैं केंद्र सरकार से यह जानना चाहता हूं कि अब तक इस दिशा में क्या कुछ कदम उठाए गए हैं। क्या सरकार ने अब तक ऐसा कोई तंत्र स्थापित किया है, जिससे यात्रियों को इन दुश्वारियों से बचाया जा सकें।

## भारत-यूके में प्रौद्योगिकी सुरक्षा मजबूत करेगी सेमीकंडक्टर साझेदारी

### इन क्षेत्रों में बढ़ेगा सहयोग...



**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** ब्रिटेन में नई सरकार के गठन के पहले ही महीने में यूके के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने भारत का दौरा किया। यह यात्रा भारत और ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने तथा विविधता लाने के लिए दोनों पक्षों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद यूके-भारत प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल का अनावरण किया गया।

यह पहल आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन, कौशल विकास और हार्डवेयर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में भी यह कहा गया कि हम एक व्यापक यूके-भारत सेमीकंडक्टर साझेदारी की दिशा में काम करेंगे। हमारी गतिविधियां देशों की व्यक्तिगत शक्तियों और प्रोत्साहनों का लाभ उठाएंगी।

आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन सहयोग, कौशल आदान-प्रदान और हार्डवेयर सुरक्षा जैसे रणनीतिक मुद्दों पर केंद्रित पारस्परिक रूप से लाभकारी अनुसंधान एवं विकास का पता लगाएंगी। लैमी की यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ उच्च स्तरीय बैठकें हुई। इन बैठकों में रक्षा, सुरक्षा, व्यापार और निवेश में सहयोगी प्रयासों के विस्तार पर चर्चा हुई। प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल इस नई साझेदारी की आधारशिला के रूप में उभरती है। जिसका उद्देश्य चिप डिजाइन और बौद्धिक संपदा में यूके की विशेषज्ञता के साथ-साथ भारत की विनिर्माण क्षमताओं का लाभ उठाना है।

## भारत का नया ब्रह्मास्त्र AD-1 : दुश्मन देश के घातक मिसाइल को वायुमंडल में ही बना देगा 'धुआं'

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान-चीन के घातक मिसाइल से देश की रक्षा करने के लिए डीआरडीओ ने नया बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम तैयार किया है। इसका 24 जुलाई 2024 को सफल परीक्षण किया गया। डिफेंस सिस्टम में इंटरसेप्टर मिसाइल का नाम है AD-1 (Missile AD-1) दिया गया है। ये ऐसी एंटी-बैलिस्टिक इंटरसेप्टर मिसाइल प्रणाली है,जो 5000 किमी दूर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल को भीजमीन से कई किलोमीटर ऊपर ही खत्म कर देगी।



दुनिया के सभी बड़े देशों के पास बैलिस्टिक मिसाइल हैं। इसने रासायनिक, जैविक, पारंपरिक या परमाणु हमला किया जा सकता है। भारत के पास भी ताकतवर बैलिस्टिक मिसाइलें हैं। पड़ोसी दुश्मन मुल्कों यानी चीन और पाकिस्तान के पास भी ये मिसाइलें हैं। हालांकि इनके मिसाइल हमले को बर्बाद करने के लिए भारत ने ब्रह्मास्त्र बना लिया है। उसके सफल परीक्षण भी कर लिए हैं ।यानी एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल इंटरसेप्टर।

इस ब्रह्मास्त्र का नाम है- बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम । इसमें इस्तेमाल की गई इंटरसेप्टर मिसाइल का नाम है AD-1। यानी अब दुनिया की कोई भी बैलिस्टिक मिसाइल जिसकी रेंज 5000 किलोमीटर से ज्यादा है,उसे भारत की धरती पर गिरने से पहले ही वायुमंडल के ऊपर ही खत्म कर देगा।

**ओडिशा के चांदीपुर रेंज में हुआ परीक्षण :** ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में इसका दूसरा परीक्षण हुआ। पहले पृथ्वी-2 बैलिस्टिक मिसाइल को दुश्मन की टारगेट मिसाइल बनाकर दागा गया. इसके बाद AD-1 इंटरसेप्टर मिसाइल को इस मिसाइल के पीछे छोड़ा गया। टारगेट मिसाइल को लॉन्च कॉम्प्लेक्स-4 धमरा से छोड़ा गया था।



www.dainikvishwaparivar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार



# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के हर सम्भव कदम उठाएं' : कलेक्टर विनय कुमार

## 'सुरक्षित कांवर यात्रा के लिए अधिकारी सड़कों का विशेष ध्यान रखें - एसपी परिहार'




**कोरिया(विश्व परिवार)।** कलेक्टरेट सभाकक्ष में बुधवार शाम को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने और जागरूक करने के लिए किए जा रहे कार्यों और गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने हॉट स्पॉट के रूप में चिह्नित किए गए ऐसे स्थलों पर जहां सड़क दुर्घटनाओं में अधिक मृत्यु या गंभीर रूप से घायल होने अथवा संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के लिए पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर लंगेह ने खरवत चैक, चैदाहा पेट्रोल पंप, जमगहना बायपास आदि स्थानों पर हाईमास्ट लाइट लगाने, दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डिवाइडर, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर या संकेत चिन्ह लगाने सहित जरूरी कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही नगर पालिका, जनपद पंचायत और पशुपालन विभाग को चैक-चैराहों, राष्ट्रीय राजमार्गों, और राज्यमार्गों से मवेशियों को हटाने के निरंतर अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैकुंठपुर और शिवपुर-चरचा नगरपालिका अधिकारियों को सड़क किनारे अतिक्रमण, दुकान, ठेला आदि को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग के अधिकारी को अवैध शराब बिक्री को रोकने के लिए सड़क किनारे होटल, रेस्टोरेंट, और ढाबा की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक परिहार ने यात्री और स्कूल बसों की जांच करने, ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने, और बसों में कैमरा और महिला कर्मचारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आरटीओ को निर्देश देते हुए कहा कि बस, ऑटो आदि की जांच जिम्मेदारी से करें। उन्होंने स्कूल, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने की भी बात कही। परिहार ने सावन माह में निकाले जाने वाले कांवर यात्रा के दौरान पुलिस अधिकारियों को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार से जानमाल का नुकसान न हो। कलेक्टर और एसपी ने आम वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट या हेलमेट जरूर धारण करें। इसके बाद भी नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, जिला परिवहन अधिकारी अनिल भगत, आर्थो वेलफेयर फाउंडेशन के संचालक शकील अहमद, तरुण प्रताप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, और पशुपालन विभाग की डॉ. विभा सिंह सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित थे।

# पीवीटीजी वर्ग के निवासरत सभी 56 ग्राम पंचायतों को पूर्ण रूप से बनाए टीबी मुक्त : कलेक्टर

## कोरबा को टीबी मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाने के दिए निर्देश



**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिला स्तरीय टीबी टास्क फोर्स समिति की बैठक आज कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कोरबा जिला को टीबी मुक्त बनाने के दिशा में रूट बनाकर स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से आमजनों को जागरूक किया जाए। उन्होंने जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति निवासरत सभी 56 ग्राम पंचायतों को पूर्ण रूप से टीबी मुक्त बनाने हेतु प्रभावी कार्य करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस हेतु इन पंचायतों में प्राथमिकता से स्वास्थ्य शिविर लगाने की बात कही। साथ ही जिले के सभी ग्रामीण और स्लम क्षेत्रों में भी हेल्थ कैम्प आयोजित कर टीबी संक्रमितों का स्क्रीनिंग करने एवं आमजनों को टीबी के लक्षणों और उपचारों की जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को निर्देशित किया कि जिले के सभी विद्यालयों में कक्षा एक से और आश्रम छात्रावास में विद्यार्थियों को टीबी के सम्बंध में जानकारी प्रदान की जाए ताकि वे अपने परिजनों को टीबी के विषय में जागरूक कर सके। टास्क फोर्स समिति की बैठक में कलेक्टर ने स्कूल और आश्रम-छात्रावासों में लगातार 6 माह तक टीबी और सिकलसेल के संबंध में विद्यार्थियों में जागरूकता हेतु पाठ कराने और बच्चों को दी जाने वाली जानकारी के संबंध में राइट अप उपलब्ध कराने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। उन्होंने जिले में आयोजित होने वाले ग्राम सभाओं में भी टीबी और सिकलसेल के संबंध में जानकारी ग्रामीणों को प्रदान करने के निर्देश दिए। समिति की बैठक में जिले में टीबी और सिकलसेल के मरीजों को जागरूक करने तथा बीमारी की जांच और उपचार के संबंध में बनाई गई रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि टीबी का मुफ्त में उपचार होता है।

# कलेक्टर की धर्मपत्नी ने बाल गृह के बच्चों के साथ मनाया जन्म दिवस

**कोरिया(विश्व परिवार)।** समाजसेवी एवं कलेक्टर कोरिया की धर्मपत्नी श्रीमती डॉक्टर एकता लंगेह ने अपना जन्म दिवस बाल गृह के बच्चों के बीच केक काटकर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने स्वागत गीत गाकर उनका अभिनंदन किया। डॉ. लंगेह ने अपने पिछले दौरे के दौरान बच्चों की मांग पर कैसियो और तबला वाद्य यंत्र वितरित किए, जिससे बच्चे बेहद खुश हुए। अपने उद्बोधन में उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा, 'अब आपके पास म्यूजिक सिस्टम आ गया है। आप सभी लगन से संगीत सीखें और इसमें पारंगत होकर अपना करियर बनाएं।' उन्होंने संगीत शिक्षकों से भी बच्चों पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। बालमन ही एक ऐसे उम्र है जहां पढ़ाई के अलावा रूचि के अनुसार खेल, कला, संस्कृति को अपनाकर एक बेहतर जीवन बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बाल गृह के बच्चे बेहद प्रतिभाशाली है, जिले के साथ-साथ राज्य स्तरीय खेलकूद और अन्य प्रतियोगिताओं में अग्रणी हैं, जो उनकी प्रतिभा और मेहनत का प्रमाण है। डॉ. लंगेह ने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके साथ समय बिताकर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया।

# केन्द्रीय बजट में फिर जुमलेबाजी ज्योत्सना चरणदास महंत

## पूर्वोदय योजना तक में भी छत्तीसगढ़ को शामिल नहीं किया

**कोरबा(विश्व परिवार)।** लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने केन्द्र सरकार के बजट को जुमलाबाजी करार देते हुए कहा है कि जो होता है वो दिखाया नहीं जाता और जो दिखता है वह देखकर भी बताते नहीं है। पूरा देश अंधेरे में है और प्रधानमंत्री के साथ वित्त मंत्री ने फिर से जुमला फेंका है। इस बार के आम बजट में छत्तीसगढ़ को फिर ठगा गया है और तो और आदिवासी हित को सबसे प्रमुख बताते हुए पूर्वोदय योजना तक में भी छत्तीसगढ़ को शामिल नहीं किया गया जबकि पड़ोसी राज्य उड़ीसा, आंध्र प्रदेश और झारखंड के साथ बिहार और पश्चिम बंगाल को शामिल किया गया है। सांसद ने कहा कि आम आदमी, गरीब जनता के लाभ का यह बजट नहीं है। 200 रुपए में खाने का तेल खरीदने के लिए जनता मजबूर है। महंगाई पर कोई बात नहीं हुई और बेरोजगारी दूर करने पर भी कुछ नहीं है। यह आम आदमी का बजट न होकर मोदी जी का खास लोगों के लिए बजट है। सांसद ने कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री ने 100 स्मार्ट सिटी की घोषणा 10 साल पहले की थी, उसी तर्ज पर अपूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार की वित्त मंत्री ने फिर एक बार जुमला फेंका है। सांसद ने कहा कि 100 शहरों में जलापूर्ति जुमलेबाजी है। 100 साप्ताहिक हाट बाजार व स्ट्रीट फूड जब होगा तब देखा जाएगा।

# खुले व मुख्य सड़कों में न मिले मवेशी, कलेक्टर ने सीईओ व सीएमओ को सतत कार्रवाई के दिए निर्देश

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए,.जिसमें उन्होनें केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होने खुले एवं मुख्य सड़को में मिल रहे मवेशियों को हटाने एवं सभी ग्राम पंचायतों में कांजी हाउस को सक्रिय करने के निर्देश सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय सीएमओ को दिए है। इसके साथ ही जिले के सभी नगरीय निकायों में आगामी 27 जुलाई से प्रारंभ होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर के संबध में विस्तृत तैयारी के निर्देश दिए है। उक्त शिविर का आयोजन 27 जुलाई से 10 अगस्त तक सभी वार्डो में किया जाएगा। उन्होनें आज विशेष रूप से पीएम आवास योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को इस योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए कहा। सोनी ने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है,इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी प्रकार उन्होंने पीवीटीजी समुदाय के वृद्धजनों को पेंशन योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके साथ विभिन्न विभागों के चल रहे निमार्ण निकायों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने काम में तेजी लाने के निर्देश संबधित अधिकारीयों को दिए है। कलेक्टर सोनी ने खरीफ सीजन में सहकारी समितियों में खाद एवं बीज भंडारण एवं उठाव की जानकारी लेते हुए उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समितियों से खाद बीज का उठाव करने में किसानों को किसी प्रकार की समस्या नही होनी चाहिए। सभी किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध हो जाएं,खाद बीज को लेकर किसानों की ओर से शिकायत मिलने पर सम्बंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएंगी।

# अब नहीं गिरते आँसुओ के बूँद, बहती है यहाँ पानी की धार

## नल जल योजना से जल संकट वाले गांवों में दूर होने लगी है पेयजल की समस्या



**कोरबा(विश्व परिवार)।** यह कोरबा जिले के कोरबा विकासखण्ड के अंतर्गत विमलता गाँव है। भले ही इन गांव में रहने वाले परिवारों की संख्या बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन पानी को लेकर यहाँ की समस्या बहुत बड़ी है। गर्मी क्या आई ? गाँव का हैंडपंप जलस्तर नीचे जाने से जवाब दे जाता था। इस गांव के लोगों ने ऐसे कई गर्मी के मौसम देखे हैं, जो उन्हें पानी के बूँद-बूँद के लिए मोहताज करते हुए उनकी आँखों से आँसुओं के बूँद गिराए हैं। अब जबकि गाँव में जल जीवन मिशन से घर-घर नल लग गया है तो यहाँ पीने के पानी के लिए गर्मी के दिनों में ग्रामीणों को आँखों से आँसुओं की बूंद नहीं गिराना पड़ता। गाँव में लगे नल और घरों के कनेक्शन से उन्हें गर्मी और बरसात में स्वच्छ पानी की धार मिल जाती है। उन्हें लगभग एक किलोमीटर दूर पहाड़ के नीचे मुसीबत मोल लेकर खतरनाक ढोढ़ी में पानी भरने नहीं जाना पड़ता। कोरबा ब्लाक के नकिया पंचायत अंतर्गत ग्राम विमलता में जल जीवन मिशन के माध्यम से नल कनेक्शन घर-घर लगाया गया है। जल संकट वाले इस ग्राम में हर साल गर्मी के दिनों में पानी की समस्या विकराल हो जाती थी। बारिश के समय जान जोखिम में लेकर पहाड़ के चट्टानों के बीच ढोढ़ी का पानी निकालना पड़ता था। इस दौरान पत्थरों के फिसलन होने से गिरने का खतरा भी बना रहता था। वे मटमैला पानी पीने मजबूर थे। ग्राम विमलता की महिला रामवती बाई, फुलसुन्दरी बाई ने बताया कि गर्मी आते ही सभी को पानी के लिए जूझना पड़ता है। जलस्तर नीचे चले जाने के बाद समस्या और भी बढ़ जाती थी। बारिश के समय बहुत कम पानी से काम चलाना पड़ता था। अब घर में नल का कनेक्शन लग जाने से सुबह शाम पानी उपलब्ध हो जाता है। उन्हें 01 किलोमीटर दूर ढोढ़ी से पानी नहीं लाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में पानी की समस्या देखकर रोना आ जाता था। ग्रामीण दिलमती बाई ने बताया कि पास का हैण्डपम्प से लगातार पानी निकालने से हैंडपंप भी बिगड़ जाते थे। गांव में सोलर ड्यूल पंप लगा है, जिससे गांव वालों को आसानी से पीने का पानी मिलने लगा है। उन्होंने बताया कि घरों में पेयजल के लिए सबसे ज्यादा महिलाओं को ही परेशानी उठानी पड़ती थी। उन्हें ही दूर कहीं से पानी लाना पड़ता था। अब ऐसी समस्या दूर हो गई है। गाँव के जनेऊ सिंह का कहना है कि घर-घर नल लगाना बहुत अच्छी पहल है। इससे स्वच्छ पेयजल मिल रहा है। घरों में नल का कनेक्शन भी लगा है। पानी की सप्लाई से गाँव वालों को राहत मिलने लगी है। सोलर ड्यूल पंप लग जाने से 24 घण्टे पानी की सुविधाएं मिल गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव द्वारा हर घर पेयजल पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा दूरस्थ ग्रामों में क्रेडा के सहयोग से सोलर ड्यूल पंप स्थापित कराकर घरों में नल कनेक्शन दिया गया है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों में पानी की गंभीर समस्या कम हो गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## जिला प्रशासन ने नौकरी के नाम पर पैसे मांगने वाले से सतर्क रहने का किया गया आग्रह

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से विभागों में नौकरी लगाने के नाम पर पैसे अथवा अन्य किसी मांग के संबंध में सतर्क रहने एवं इसकी तत्काल शिकायत करने का आग्रह किया गया है। जिला प्रशासन अंतर्गत समय-समय पर विभिन्न विभागों में नियमित/संविदा आधार पर विभिन्न पदों में नियुक्ति/भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किए जाता है। इन सभी पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से शासकीय निर्देशों के तहत् तथा पारदर्शिता पूर्ण तरीके से की जाती है। कोई भी शासकीय/अशासकीय व्यक्ति द्वारा इन भर्तियों के बदले में पैसे या कोई अन्य मांग करता है, इसकी तत्काल सूचना कार्यालय कलेक्टर एवं कार्यालय पुलिस अधीक्षक को दे सकते हैं। प्रशासन द्वारा ऐसे किसी अवैधानिक कार्यो में संलग्न व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## कलेक्टर अवनीश शरण ने किया प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर बिलासपुर अवनीश शरण द्वारा प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया गया। वर्तमान में प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 12वीं कला संकाय में 20 बालक 31 बालिका, वाणिज्य संकाय में 45 बालक 18 बालिका कुल 114 विद्यार्थी, कक्षा 10वीं में 68 बालक 48 बालिका कुल 116 विद्यार्थी अध्ययनरत् है। पिछले वर्ष प्रारंभ हुए अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या प्रयास आवासीय विद्यालय में 104 बालिका अध्ययनरत् है। कलेक्टर महोदय द्वारा कक्षा 10वीं के बालक बालिकाओं द्वारा अध्ययन किए जा रहे विषय के संबंध में प्रश्न पूछे गये। भविष्य में क्या बनना चाहते है के संबंध में जानकारी ली गई। कक्षा 10वीं की बालिकाओं को अपने संबंध में जानकारी देते हुए प्रतियोगी परीक्षा के लिए किस प्रकार तैयारी किया जाना चाहिए के संबंध में जानकारी दी गई। बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रहने हेतु सचेत किया गया। कलेक्टर महोदय द्वारा किसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए किस प्रकार मेहनत और लगन चाहिए के संबंध में जानकारी दी गई। सबको समान सुविधा मिलने के बावजूद कोई चयनित होता है कोई नही होता के संबंध में जानकारी दी गई। बच्चों द्वारा खेलकूद के संबंध में चर्चा करने पर कलेक्टर महोदय द्वारा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को इनडोर वुड़न बैडमिंटन कोर्ट का प्रस्ताव भेजने के लिए कहा गया। निरिक्षण के दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सी.एल. जायसवाल, संस्था में अध्यापन करा रही आउटसोर्सिंग संस्था सी.एल.एजुकेट के संचालक द्वय जयेश गुम्बर, डॉ. रनित गुम्बर, एवं संस्था के प्रशासकीय अधिकारी डॉ. जी.ए. अश्विनी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा : कलेक्टर रणबीर

**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में यहाँ कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक हुई। उन्होंने गत वर्ष की भांति 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन से जैसे दिशा-निर्देश प्राप्त होंगे उसी के अनुसार कार्यक्रम आयोजित होंगे।उन्होंने समय रहते तैयारियाँ पूर्ण करने के निर्देश दिए ज़िला मुख्यालय के बेसिक स्कूल पर मुख्य समारोह आयोजित होगा। उन्होंने विषय अनुरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने पर ज़ोर दिया। कलेक्टर श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। स्वास्थ अधिकारियों को ज़िले में मेलेरिया,डेंगू व डायरिया आदि से निपटने सतर्क रहे। बैठक में उन्होंने ज़िले के सभी एसडीएम से हिट एंड रन प्रकरण और की गयी कार्रवाई की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने बिजली बिल बकाया का ज़िक्र करते हुए कहा कि जिन विभागों के बिजली बिल बकाया है उसका भुगतान करें। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य मंत्री जनदर्शन के प्राप्त प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने की बात कही ।उन्होंने लंबित प्रकरण की भी जानकारी ली । उन्होंने पात्र गर्भवती महिला हितग्राही को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाये। साथ ही साथ महिला को प्रसव से संबंधित सभी प्रकार की सुरक्षा संबंधी जानकारी और परहेज संबंधी जानकारी भी प्रदान की जाये, ताकि महिला का सफलतापूर्वक स्वस्थ रूप से प्रसव प्रक्रिया पूरी हो सके। प्रसव के दौरान सरकारी अस्पताल में महिला की निशुल्क प्रसव करवाया जाये और साथ ही साथ महिला का पूरा ध्यान रखा जाये। बैठक में नारी शक्ति से जल शक्ति पर जल संरक्षण के क्षेत्र में महिलाओं द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।

# संपादकीय

## सुरक्षा हर नागरिक का अधिकार.......

देश की राजधानी के शाहदरा इलाके के नामी सरकारी अस्पताल गुरु तेग बहादुर (जीबीटी) में एक मरीज की गोलियां बरसाकर हत्या वाकई स्तब्ध करती है। मृतक खजूसी खास की श्रीराम कॉलोनी में रहने वाला 32 साल का रियाजुद्दीन है, जो अस्पताल में पेट के संक्रमण के इलाज के लिए भर्ती था। पुलिस के अनुसार हत्यारा एक अन्य मरीज वासिम को मारने आया था। जिस पर सत्रह मामले दर्ज हैं। उसे और उसके साथी आसिफ को 12 जून को शांति चौक पर गोली मारी गई थी, जिसके इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती है। उसकी पत्नी ने अपने पति की जान को खतरा बताते हुए प्राइवेट रूम में शिफ्ट करने को कहा था। रियाजुद्दीन गलत पहचान के चलते मारा गया प्रतीत हो रहा है। बहरहाल, यह सारी घटना बिल्कुल फिल्मी प्लॉट की तरह लग रही है। हत्याकांड में 3-4 लोगों के शामिल होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। हैरत है, यह सब दिल्ली के व्यस्त इलाकों में हो रहा है। दिल्ली सरकार लगातार कानून-व्यवस्था को बदतर कह रही है। अपराधियों के बुलंद होते हौसले देखकर दिल्ली पुलिस की लापरवाही तो साफ ही है। साथ ही अस्पताल के प्रशासन-व्यवस्था के काम पर संदेह होता है। हालांकि वार्ड में काफी लोगों की मौजूदगी के बावजूद कोई घायल नहीं है। यह कहना गलत नहीं होगा कि स्थिति भयावह भी हो सकती थी। डॉक्टर तो हड़ताल पर चले गए पर मरीजों के इख्तियार में तो कुछ भी नहीं होता। जिस मासूम की जान गई है, उसके प्रति कौन जिम्मेदार होगा। हत्यारा पुलिस की गिरफ्त में आ गया या उसे सजा हो गई तो भी मृतक के परिवार को न्याय कैसे दिया जा सकेगा। हत्यारा व मृतक समान समुदाय के न होते तो अपने-अपने लाभ के लोभ में विभिन्न राजनीतिक दलों में हलचल शुरू हो चुकी होती। सरकारी आंकड़े कहते हैं देश में प्रतिदिन 75 से अधिक हत्याएं होती हैं। बात सिर्फ इस गफलत में हुई सरेआम हत्या की नहीं है, हमें कानूनविदों, मनोविश्लेषकों, समाजशास्त्रियों व विशेषज्ञों के साथ हत्याओं के इस फैलते संक्रमण पर गंभीर विमर्श करना होगा। सुरक्षा हर नागरिक का अधिकार है, जिससे सरकार मुंह नहीं चुरा सकती। चिंता की बात यह भी है कि डॉक्टर्स इसके बाद हड़ताल पर जाने की बात कह रहे हैं, जिससे होने वाली परेशानी का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। सरकार को इस मसले पर ध्यान देना चाहिए।

# कारगिल के योद्धाओं को याद करे राष्ट्र

प्रताप सिंह पटियाल

भारतीय सेना के ऑपरेशन विजय के आगे पाक मिशन कोह-ए-पैमा पाक सेना के लिए इस कदर आत्मघाती साबित हुआ कि दुश्मन अपनी कयामत की दुआ मांगने पर मजबूर हो चुका था। कारगिल जंग में भारतीय शूरवीरों ने पाक सेना की तजवीज को नेस्तनाबूद किया भारतीय सेना 26 जुलाई को कारगिल युद्ध की पच्चीसवीं वर्षगांठ मनाएगी। यह दिन पाकिस्तान के लिए शर्मिंदा करने वाली तारीख है। पाकिस्तान हमेशा कश्मीर को हथियाने के मंसूबे तैयार करता रहा है। मगर भारतीय सेना ने पाक हुक्मरानों की ख्वाहिशों का काफिला सरहद से आगे कभी नहीं बढने दिया। सन् 1980 के दशक में पाक सेना के कर्नल 'जावेद अब्बास' 'आफिसर कमांड एंड स्टाफ कालेज' 'क्वेटा' में सेवारत थे। जावेद अब्बास को पाक सेना ने भारत पर एक रिसर्च प्रोजेक्ट 'इंडिया ए स्टडी इन प्रोफाइल' का काम सौंपा था। जावेद अब्बास ने अपने शोध में खुलासा किया था कि 'भारत के कुछ निजी मसलों का लाभ उठाकर हिंदोस्तान की ताकतवर सेना को कंट्रोल किया जा सकता है। सन् 1990 के दशक में पाक सेना के 'सैन्य अभियान महानिदेशक' के पद पर आसीन परवेज मुशर्रफ जावेद अब्बास के उस शोध से इस कदर प्रभावित हुए कि कश्मीर को हथियाने का जहालत भरा मंसूबा तैयार करने लगे तथा 'डीजीएमओ' रहते कश्मीर मंसूबे का मश्विरा पाकिस्तान की तत्कालीन वजीरे आजम बेनजीर भुट्टो के समक्ष पेश कर डाला। हालांकि परवेज मुशर्रफ के उस प्रस्ताव को मोहतरमा ने नाकाबिले अमल करार देकर खारिज कर दिया था, लेकिन वक्त ने करवट ली। सन् 1998 में पाक वजीरे आजम नवाज शरीफ ने पाक सेना के दो सीनियर जरनैलों को दरकिनार करके परवेज मुशर्रफ को पाकिस्तान का चार सितारा जरनैल नियुक्त कर दिया। नवाज शरीफ की जिंदगी की यह सबसे बड़ी भूल साबित हुई। 17 मई 1999 को जनरल परवेज मुशर्रफ ने पाक सेना के 'ओजड़ी कैंप' में वजीरे आजम नवाज शरीफ को कारगिल



मंसूबे की ब्रीफिंग पेश करके कश्मीर का फातिम बनने का ख्वाब दिखाकर नियंत्रण रेखा के पार भारतीय हदूद में जाने की इजाजत लेने का ढोंग रचा था। जबकि हकीकत यह थी कि 18 हजार फीट की बुलंदी पर मौजूद कारगिल के दुर्गम क्षेत्रों में शीतकालीन स्थिति में भारतीय सेना जिन चौकियों को खाली कर देती थी, पाक सेना सन् 1999 के शुरुआती दौर में ही एलओसी पार करके उन चौकियों पर रक्षात्मक किलेबंदी कर चुकी थी। यानी पाकिस्तान 21 फरवरी 1999 के लाहौर समझौते को नजरअंदाज करके एलओसी पर मंसूबाबंदी को अंजाम दे चुका था। उस पेशकदमी के दौरान एवलांच की चपेट में आने से कई पाकिस्तानी सैनिकों की मौत भी हो गई थी। एलओसी पर सिविल लिबास में घुसपैठ कर चुके हजारों सैनिक पाकिस्तान की 'नार्दर्न लाइट इन्फेंट्री' तथा 'स्पेशल सर्विस ग्रुप' के थे। कारगिल के मंसूबे को पाक सेना ने आपरेशन 'कोह-ए-पैमा' का नाम दिया था जिसका मकसद कारगिल क्षेत्र पर कब्जा करके सियाचिन ग्लेशियर को भारतीय सेना की पहुंच से अलग करके कश्मीर मसले को आलमी सतह पर दुनिया की निगाहों का मरकज बनाकर भारत पर रणनीतिक दबाव बनाना था। तीन मई 1999 को स्थानीय चरवाहों ने कारगिल क्षेत्र में पाक घुसपैठ की खबर भारतीय सेना को दी। छह मई 1999 को तुर्तुक क्षेत्र में 'जाट रेजिमेंट' की गश्त पार्टी पर पाक सेना की एनएलआई ने घात लगाकर हमला कर दिया। भीषण गोलीबारी में लांस नायक 'खडग् सिंह गुर्जर' वीरगति को प्राप्त हो गए। खडग् सिंह कारगिल युद्ध के प्रथम बलिदानी थे। आठ मई 1999 को द्रास सेक्टर में भारतीय सेना की 'ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट' के चार जवान तथा 13 मई 1999 को 'गढ़वाल राइफल्स' की पैट्रोलिंग पार्टी के भी चार जवान पाक सेना से मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। 14 मई 1999 को पाक घुसपैठ का पता लगाने के लिए कैप्टन सौरभ कालिया के नेतृत्व में निकले गश्ती दल का कॉकसर क्षेत्र में पाक सेना से मुकाबला हुआ। सौरभ कालिया का गश्ती दल दुश्मन से आखिरी गोली तक लड़ा, मगर गोला बारूद खत्म होने के बाद उस गश्ती दल को हिरासत में लेकर पाक सेना ने उन सैनिकों की नृशंस हत्या कर दी थी। सौरभ कालिया के गश्ती दल को खोजने के लिए उनकी यूनिट 'चार जाट' का एक अन्य गश्ती दल 17 मई 1999 को कैप्टन अमित भारद्वाज के नेतृत्व में निकला। मगर पाक सेना से मुठभेड़ के दौरान कैप्टन अमित भारद्वाज सहित तीन अन्य जवान वीरगति को प्राप्त हो गए थे। उन शहीद सैनिकों के पार्थिव शव सीजफायर के बाद 56 दिनों के बाद उठाए गए थे। कारगिल के पहाड़ों पर पाकिस्तानी घुसपैठ का पर्दाफाश होने के बाद 19 मई तक कारगिल सेक्टर युद्ध क्षेत्र घोषित हो चुका था। भारतीय सेना ने 'आपरेशन विजय' लांच करके जब पूरी तजवीज से पलटवार किया तो कारगिल का महाज पाक सेना के लिए कयामत का मंजर पेश करने लगा। बटालिक सेक्टर में 17 हजार फीट की बुलंदी पर प्वांइट 5203 पर कब्जा जमा चुकी पाक फौज पर '12 जम्मू एंड कश्मीर लाइट इन्फेंट्री' के कैप्टन अमोल कालिया ने अपने सैन्य दल के साथ आठ जून 1999 को जोरदार हमला करके उस क्षेत्र को मुक्त कराने में अहम किरदार निभाया था, मगर आक्रामक कार्रवाई के दौरान अमोल कालिया अपने कई सैनिकों के साथ वीरगति को प्राप्त हो गए थे। दुश्मन की भीषण गोलीबारी के कारण अमोल कालिया का पार्थिव शव भी बारह दिनों बाद 20 जून 1999 को बरामद किया गया था। युद्ध में उत्कृष्ट बहादुरी के लिए सेना ने हिमाचली शूरवीर कै. अमोल कालिया को 'वीर चक्र' (मरणोपरांत) से नवाजा था। 'खालूबार' पर्वतीय श्रेणी पर स्थित प्वांइट 4812 पर भी '12 जैकलाई' के सात जवानों ने शहादत को गले लगाकर तीन जुलाई 1999 को कब्जा जमाया था तथा कारगिल जंग के जिंदा सबूत पाकिस्तानी सैनिक 'इनायत अली' को हिरासत में लिया था। भारतीय सेना के ऑपरेशन विजय के आगे पाक मिशन कोह-ए-पैमा पाक सेना के लिए इस कदर आत्मघाती साबित हुआ कि दुश्मन अपनी कयामत की दुआ मांगने पर मजबूर हो चुका था। बहरहाल कारगिल जंग में भारतीय शूरवीरों ने पाक सेना की तजवीज को नेस्तनाबूद करके पाकिस्तान के नामुराद जरनैलों की कश्मीर फतह करने की जंगी सनक को ध्वस्त कर दिया था। लाजिमी है विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्र कारगिल के योद्धाओं की दास्तान-ए-सुजात को नमन करे। देश अपने रणबांकुरों के शौर्य का हमेशा ऋणी रहेगा।

# विशेष लेख

## विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में

संजीव ठाकुर

हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती है। वैश्विक स्तर पर माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचा कर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा ने 7 दिसम्बर, 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। यह एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है, वहीं नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम भी उठाता है। मादक पदाथरे के नशे की लत युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल, तरल इरेजर, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघ कर नशे का आनंद लेते हैं। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का युवा सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगे हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने के साथ-साथ मादक पदाथरे से मुकाबले के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों तथा इसके मार्ग में उत्पन्न चुनौतियों तथा निवारण का सही- सही उपचार भी बताता है। भारत में शराब सेवन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। मद्यपान के कारण 1500 से दो हजार भारतीय शराब के नशे में प्रति वर्ष मर जाते हैं। आज हर 20 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शराबखोर है। पुरु ष तो पुरु ष महिलाएं भी मद्यपान की ओर आकर्षित हो रही हैं। विशेषकर उच्च तथा मध्यमवर्गीय परिवारों में महिलाएं शराब का सेवन करने लगी हैं। महानगरों में बड़े शहरों की कामकाजी महिलाओं के छात्रावासों तथा हॉस्टल में महिलाओं का शराब का सेवन तेजी से बढ़ते जा रहा है। एक सर्वे के अनुसार करीब 20 से 25त्न महिलाएं शराबखोरी की गिरफ्त में आ चुकी हैं। यूरोपियन देशों में महिलाओं की नशाखोरी की आदत का प्रतिशत 60त्न से ऊपर है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बैठकों, सेमिनार तथा मीटिंग में शराब का सेवन आम बात बन गई है। यह एक फैशन की तरह महिलाओं के मध्य फैल कर उन्हें नशे की लत में डुबोने लगा है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार नशा मनुष्य के जीवन के लिए जहर जैसा है, नशे की लत में वैवाहिक जीवन भी टूटने के कगार पर आ जाता है। मनुष्य के शरीर का लीवर, किडनी तथा अन्य अंग खराब होकर मृत्यु की ओर ले जाने को तत्पर रहते हैं। नशे से दूर रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर भारत में भी अनेक उपाय किए जा रहे हैं। नशा मुक्ति केंद्र तथा नशे के पदाथरे पर चेतावनी आदि लिखने का काम किया जा रहा है। नशा आज युवाओं को पथभ्रष्ट चरित्रहीन और अपराधी बनाने के पीछे एक बड़ा घातक कारण है। नशे की प्रवृत्ति से बचाने के लिए मनुष्य को नशे से हर हाल में दूर रखना होगा अन्यथा आने वाली पीढ़ी राष्ट्रीय चरित्र, राष्ट्रीय सम्मान तथा राष्ट्रीय शक्ति को भूलती जाएगी और नशे की लत में युवा अपने कर्त्तव्य से परे हो जाएगा जो एक बहुत ही खतरनाक स्थिति होगी।

# मीडिया सिर्फ सत्ता का भोंपू नहीं होता

सुधीश पचौरी

एक बहस में एक प्रवक्ता एंकर से शिकायत करता है कि वह उसे बोलने से रोक रहा है क्योंकि वह (एंकर) भाजपावादी है..जबकि विपक्षी प्रवक्ता से एंकर ने सिर्फ इतना कहा था कि आप विषय पर बात करें, इधर उधर की बात न करें। एंकर भी क्या करे? वह बहस के शुरू में टॉपिक को 'इंट्रोड्यूस' करता है। फिर पक्ष विपक्ष के प्रवक्ताओं आदि को आमंत्रित करता है कि वे टॉपिक पर बात करें..लेकिन जब प्रवक्ता विषय से हटकर इधर उधर की बातें करने लगते हैं तो एंकर टोकने लगता है कि आप मुद्दे की बात करें..ऐसा सुनते ही कई प्रवक्ता एकदम फैल जाते हैं और एंकर पर आरोप लगाने लगते हैं कि तुम बिके हुए हो..ऐसी ही एक बहस में एक प्रवक्ता ने तो एंकर को यहां तक धमका दिया कि अब तो होश में आ जाओ कल को हम सत्ता में होंगे तो क्या करोगे? कई एंकर ऐसे नाजुक मौकों पर बड़ी शालीनता से जवाब देते हैं कि हमारा चैनल किसी का पक्षपाती नहीं, न हम किसी के दलाल हैं, हम जनता के पक्षधर हैं, सभी तरह के विचारों को दिखाते हैं, जब आप इधर उधर करते हैं तो हमें टोकना पडता है और ऐसा हम सबके साथ करते हैं..अरसे से बहसों को देखता आ रहा यह टिप्पणीकार इस बात का गवाह है कि जब से 'विभाजनकारी राजनीति' बढ़ी है तब से कई प्रवक्ताओं का रोष एंकरों और चैनलों पर निकलता है..ऐसे में बताइए एंकर क्या करे? वह अपना 'शो' चलाए या ऐसे धमकीवादी प्रवक्ताओं की धौंसपट्टी को माने? ऐसे हर मौके पर कई एंकर बिना उत्तेजित हुए जवाब देते हैं कि आप एक बड़े दल के प्रवक्ता हैं। आप को धमकी की भाषा शोभा नहीं देती। जरूरत होने पर हम सबको टोकते हैं। अगर आप मुद्दे पर तर्क- वितर्क नहीं कर सकते तो बताइए। हम कैसे न टोकें..आखिर,और भी कई लोग हैं जिनको अपनी बात कहनी है..। आप ही इस तरह से अगर सारा टाइम खराब करेंगे तो मुझे आपके माइक को साइलेंट करना पड़ेगा। स्पष्ट है कि यह सब मीडिया को अपने दबाव में लाने, उसे धमकाने, उस पर हावी होने की राजनीति है जो पिछले दिनों काफी बढ़ी है। चैनलों का काम है कि हर दिन या उसके आसपास के विवादित मुद्दों पर चरचा कराएं ताकि जनता अधिक जागरूक बने। यही उनका काम है जिसे वे मेहनत से करते हैं. दरअसल, जब से हमारी राजनीति अधिकाधिक 'नफरतभरी' और 'कलहभरी' होती गई है तब से चैनल भी ऐसी बाइटों, ऐसे टॉपिकों पर बहस कराते हैं जो लोगों की जुबान पर होते हैं। लेकिन कई प्रवक्ता पूरी तैयारी से नहीं आते जबकि एंकर की अपेक्षा होती है कि वो बोलें तो मुद्दे पर 'तकरे' और 'तथ्यों' के साथ बोलें। ऐसा करने से उनके दल का तो मान बढ़ेगा ही, आम दर्शकों के दिलों में उनका भी सम्मान बढ़ेगा। फिर भी, ऐसे कई प्रवक्ता ऐसा करने की जगह अपने 'मुद्दों' को ही बहस का मुद्दा बनाने पर तुल जाते हैं और वही बोलते चले जाते हैं जो 'रट' के आए होते हैं। कई प्रवक्ता ऐसे भी हैं जो मुद्दा कोई हो अपनी शिकायत का पिटारा खोलकर बैठ जाते हैं कि आप उन्हीं मुददों को उठाते हैं जो सत्ता के पक्ष में होते हैं, आप जनहित के मुद्दों पर बहस नहीं कराते। और कई तो ऐसे भी होते हैं जो टाइम खत्म हो जाने पर भी बोलते-बड़बड़ाते रहते हैं ताकि दूसरे को जबाव देने का टाइम ही न मिले। यह तरकीब कई दलों की नई रणनीति का हिस्सा है-चाहे मुद्दा बाढ़ का हो या रेल दुर्घटना का, वे अपने ही एजेंडे को बार-बार रिपीट करते रहते हैं। और जब से 2024 के लोक सभा चुनाव हुए हैं तब से विपक्ष एक नये आकामक तेवर के साथ पेश होता है जबकि सत्ता पक्ष अपने ही बड़बोलेपन का शिकार होकर 'हतप्रभ' नजर आता है। इसी तरह, कुछ विपक्षी प्रवक्ता अधिक हावी नजर आते हैं जबकि सत्ता-प्रवक्ता चुनावी पिटाई से अभी तक नहीं उबरे हैं। ऐसे हर मौके पर कई एंकर बिना उत्तेजित हुए जवाब देते हैं कि आप एक बड़े दल के प्रवक्ता हैं। आप को धमकी की भाषा शोभा नहीं देती। जरूरत होने पर हम सबको टोकते हैं। अगर आप मुद्दे पर तर्क- वितर्क नहीं कर सकते तो बताइए। हम कैसे न टोकें..आखिर,और भी कई लोग हैं जिनको अपनी बात कहनी है..। आप ही इस तरह से अगर सारा टाइम खराब करेंगे तो मुझे आपके माइक को साइलेंट करना पड़ेगा। स्पष्ट है कि यह सब मीडिया को अपने दबाव में लाने, उसे धमकाने, उस पर हावी होने की राजनीति है जो पिछले दिनों काफी बढ़ी है। चैनलों का काम है कि हर दिन या उसके आसपास के विवादित मुद्दों पर चरचा कराएं ताकि जनता अधिक जागरूक बने। यही उनका काम है जिसे वे मेहनत से करते हैं. दरअसल, जब से हमारी राजनीति अधिकाधिक 'नफरतभरी' और 'कलहभरी' होती गई है तब से चैनल भी ऐसी बाइटों, ऐसे टॉपिकों पर बहस कराते हैं जो लोगों की जुबान पर होते हैं। समझना होगा कि मीडिया किसी का 'पूरा चमचा' नहीं होता। जनतंत्र का ऐसा 'चौथा पाया' होता है जो कभी-कभी सत्ता को आईना दिखा सकता है क्योंकि उसे जनता के प्रति भी वफादार होना होता है। इसलिए वह कभी-कभी ऐसे सुर भी लगा देता है जो जन हित के होते हैं। यों चोम्स्की मानते हैं कि मीडिया 'सहमति (कंसेट) को बनाने वाला होता है लेकिन हमारा अनुभव है कि 'सहमति' बनाने के साथ-साथ वह 'असहमति' भी बनाता है क्योंकि मीडिया की भाषा 'एकार्थ' की जगह जनता के बीच 'अनेकार्थ' बनाने की गुंजाइश छोड़ती है। इसलिए मीडिया सिर्फ सत्ता का भोंपू हमेशा नहीं होता, बल्कि कभी-कभी जनता का भी 'भौंपू' बन जाता है।

# आईबीसी कानून में सुधार की जरूरत...

डा. अश्विनी महाजन

एसआरईआई मल्टीपल्स मामले में भी शीर्ष अदालत ने कहा कि समाधान योजना सीओसी द्वारा स्वीकृत हो जाने के बाद कोई संशोधन स्वीकार्य नहीं है, जब तक कि यह आईबीसी की मूल भावना के विपरीत न हो। हालांकि वास्तविकता अलग है। वीडियोकान मामले में समाधान योजना को जून 2021 में एनसीएलटी ने अनुमोदित किया, मगर यह सुप्रीम कोर्ट में अभी भी लंबित है इंसोल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड यानी आईबीसी के कानूनी रूप लेने से पहले दिवालियापन से निपटने के लिए लगभग एक दर्जन कानून थे। उनमें से कुछ कानून तो 100 साल से भी अधिक पुराने थे। मोदी सरकार ने इन कानूनों के स्थान पर आईबीसी के रूप में जो पहल की, उसे एक बड़ा आर्थिक सुधार माना गया। आईबीसी के अनुसार जब कोई देनदार दिवालिया हो जाता है तो उसकी संपत्ति को लेनदार आसानी से अपने कब्जे में ले सकते हैं। यदि लेनदारों की समिति के 75 प्रतिशत या उससे अधिक सदस्य सहमत होते हैं तो ऐसी कार्रवाई के लिए आवेदन स्वीकार किए जाने की तिथि से (एनसीएलटी की मंजूरी के अधीन 90 दिनों की छूट अवधि के साथ) 180 दिनों में कार्रवाई की जा सकती है। यदि तब भी ऋण का भुगतान नहीं होता तो व्यक्ति/फर्म को दिवालिया घोषित कर दिया जाएगा। आईबीसी के पीछे यह मंशा थी कि इससे ऋण की वसूली में होने वाली देरी और उससे जुड़े नुकसान स्वत: खत्म हो जाएंगे। कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिहाज से वैश्विक संस्थाएं भी आईबीसी को सराहती रही हैं। विश्व बैंक की 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' रैंकिंग में भारत के 2014 में 142वें स्थान से




2019 तक 63वें स्थान तक पहुंचने में आईबीसी जैसे सुधार की अहम भूमिका मानी गई। कारोबारी सुगमता में व्यवसाय शुरू करने और उसे बंद करने में सहूलियत जैसे दोनों पहलू शामिल होते हैं। आईबीसी ने व्यवसाय को बंद करना आसान बना दिया। हालांकि आईबीसी की घोषित अपेक्षाओं और जमीनी स्तर पर अनुभव के बीच कुछ अंतर जरूर है। आईबीसी के तहत तनावग्रस्त संपत्तियों के समाधान का प्रारंभिक बिंदु कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) है, जो वित्तीय लेनदारों, परिचालन लेनदारों या यहां तक कि कारपोरेट द्वारा स्वयं सीआईआरपी शुरू करने के लिए एक वसूली तंत्र है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार आईबीसी के बाद से जनवरी 2024 तक 7058 कारपोरेट देनदारों को सीआईआरपी में लाया गया है, जिनमें से 5057 मामले बंद कर दिए गए और 2001 समाधान के विभिन्न चरणों में हैं। जो मामले बंद हो गए हैं, उनमें से करीब 16 प्रतिशत में सफल समाधान योजनाएं सामने आई हैं। वहीं, 19 प्रतिशत को आईबीसी की धारा 12-ए के तहत वापस ले लिया गया है, जहां बड़े पैमाने पर देनदार लेनदारों के साथ पूर्ण या आंशिक निपटान के लिए सहमत हुए। जबकि 21 प्रतिशत अपील या समीक्षा पर बंद कर दिए गए और 44 प्रतिशत मामलों में परिसमापन आदेश पारित किए गए हैं। हालांकि, समाधान के विभिन्न चरणों में अटके मामलों में देरी चिंता के रूप में उभरी है। वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान मामले को स्वीकार करने में लगने वाला औसत समय क्रमश: 468 दिन और 650 दिन रहा। यह अपेक्षित समय से कहीं अधिक है। वित्तीय लेनदारों द्वारा दायर अपीलों के निपटारे में देरी का एक कारण यह है कि अक्सर अदालतें लेन-देन के वाणिज्यिक पहलुओं में उलझ जाती हैं। ये पहलू कानून से संबंधित बिंदुओं से नहीं, बल्कि प्राप्त मूल्य आदि के संदर्भ में लेनदारों से संबंधित होते हैं, जो समाधान योजना को मंजूरी देने का फैसला करने वाले लेनदारों की व्यावसायिक बुद्धि पर सवाल उठाने जैसा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि लेनदारों की समिति (सीओसी) की व्यावसायिक समझ पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। एक बार जब सीओसी अंतिम निर्णय ले लेती है कि समाधान योजना को मंजूरी दी जाए या नहीं तो इसे अदालतों द्वारा समीक्षा का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए। विशेषकर उस स्थिति में जब किसी कानूनी प्रविधान का उल्लंघन न हो। एस्सार स्टील मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि यह बहुसंख्यक लेनदारों की व्यावसायिक समझ है, जो संभावित समाधान आवेदक के साथ बातचीत के जरिये यह निर्धारित करती है कि कारपोरेट समाधान प्रक्रिया कैसे और किस तरीके से संपादित होनी है। एसआरईआई मल्टीपल्स मामले में भी शीर्ष अदालत ने कहा कि समाधान योजना सीओसी द्वारा स्वीकृत हो जाने के बाद कोई संशोधन स्वीकार्य नहीं है, जब तक कि यह आईबीसी की मूल भावना के विपरीत न हो। हालांकि वास्तविकता अलग है। वीडियोकान मामले में समाधान योजना को जून 2021 में एनसीएलटी ने अनुमोदित किया, मगर यह सुप्रीम कोर्ट में अभी भी लंबित है। एसकेएस पावर जेनरेशन मामले में सीओसी ने जून 2023 में पूर्ण सहमति के साथ सारदा एनर्जी एंड मिनरल्स की योजना को मंजूरी दी, फिर भी यह मामला अभी तक अनसुलझा है। ऐसी देरी से परिसंपत्तियों के मूल्य में कमी आने की आशंका होती है। इससे लेनदारों को नुकसान हो सकता है। इसके चलते भविष्य में संभावित खरीददारों को लुभाना भी मुश्किल हो जाता है और अंतत: आईबीसी का उद्देश्य विफल हो जाएगा।

दैनिक
# विश्व परिवार

रायपुर/धर्म समाज/देश

रायपुर, शुक्रवार 26 जुलाई 2024

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com



## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा परिसर में लगाया बेल का पौधा



### विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, उप मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने भी किया वृक्षारोपण

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के आवासीय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपनी मां के सम्मान में वहां बेल का पौधा लगाया। विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सीताफल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने हनुमान फल और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने नीम के पौधे का रोपण किया।

विधानसभा आवासीय परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने रामफल, वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने महुआ, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने आंवला, श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने हर्रा, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने लक्ष्मण फल, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने बेल तथा राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने पीपल का पौधा लगाया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में विधायकों और राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपनी मां की स्मृति और सम्मान में पौधे लगाए। कार्यक्रम में आज विभिन्न प्रजाति के सौ से अधिक पौधे लगाए गए। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा के आवासीय परिसर में 50 एकड़ क्षेत्र में इकोलॉजिकल पार्क विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज यहां 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## जिसके हृदय में विधी के विधान पर पक्का विश्वास होता है वह अनुकूल संयोग आने पर फूलता नहीं : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज



**विदिशा (विश्व परिवार)।** जिसके हृदय में विधी के विधान पर पक्का विश्वास होता है वह अनूकूल संयोग आने पर फूलता नहीं तथा प्रतीकूल संयोग आने पर कूलता नहीं। उपरोक्त उद्गार इंदौर में चातुर्मास कर रहे मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ने प्रात:कालीन प्रवचन सभा में व्यक्त किये। उन्होंने एक सब्जी बेचने बाली महिला का उदाहरण देते हुये कहा कि तत्व की बात बड़े बड़े ज्ञानी ही दें यह जरूरी नहीं एक सब्जी बेचने बाली महिला के मुख से भी मिल सकती है वह सब्जी बेचने बाली महिला जो हमेशा प्रसन्न रहती थी तथा मौहल्ले में आकर सब्जी बेचती थी अचानक उसके 25 साल के बेटे की मृत्यु हो जाती है और वह तीन दिन पश्चात जब सब्जी बेचने आई तो उसके चहरे पर बही मुस्कराहट देखने मिली जो पहले हुआ करती थी तो लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ, जब उससे इसका राज उस मां से पूंछा गया तो उसने जो उत्तर दिया बेटा भी जाने बाला है, और में भी जाने बाली हूं, दुनिया में जो है सब जाने बाला है, में जानती हूँ कि मेरा और मेरे बेटे का नियोग इतने ही दिन का था बह चला गया अब किसके लिये रोना? कहते है कि बह एक सब्जी बेंचने बाली थी पर उसने पूरे संसार को एक बहूत बड़ा संदेश दे गयी मुनि श्री ने कहा यदि तुम विधी के विधान को मानते हो तो संयोग- वियोग, मान-अपमान में आपको कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिये ।जिसको विधी के विधान पर पक्का विश्वास होता है वह आरोप प्रत्यारोप की भाषा नहीं बोलता है सब कुछ कर्माधीन है किसको दोष दें, प्रतिदिन सुवह उठो और प्रकृति का आभार व्यक्त करना सीखो कि तेरी कृपा से मुझे एक नया दिन देखने का मौका मिला मन को प्रसन्नता से तथा आनंद से भरकर उठोगे तो आपको अपने जीवन से असंतुष्टी नहीं होगी। जब चीजें तुम्हारे नियंत्रण में ही नही तो उसको संचालित करने का प्रयास क्यों करते हो दूसरों के घर में हुकुमत चलाना चाहोगे तो सामने बाला तुम्हें घर से धक्का मार कर बाहर निकाल देगा मुनिश्री ने इन्दौर शहर की स्वच्छता की तारीफ करते हुये कहा कि स्वच्छ शहर में जीवन जीने का सुयोग तो आपको मिल गया, लेकिन अंतरंग में स्वच्छता कितनी है यह आपको अपने अंदर झांक कर देखना होगा, मुनि श्री ने चार बातों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि नैगेटिव थाट्स, नैगेटिव थिंकिंग, नैगेटिव ऐटिट्यूड, तथा नैगेटिव एप्रोच के कारण ही हम जीवन में खुश नहीं रह पाते, जब सब कुछ विधी के विधान पर केंद्रित है, तो अपने आपको संतुष्ट रखना सीखो, अनुकूल संयोग आऐं तो प्रकृति का धन्यवाद दो और प्रतीकूल संयोग आऐं तो हायतौबा न मचाते हुये उसे कर्माधीन मानकर उसको भी धन्यवाद दो। **-अविनाश जैन**

## गणिनी आर्यिका विशुद्ध मति माताजी संघ सानिध्य में 16 दिवसीय गणधर वलय स्तोत्र सेमिनार का हुआ शुभारंभ



**एटा (विश्व परिवार)।** जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों के गणधरों की स्तुति, स्तोत्र और और उनके गुणों की आराधना करने हेतु एक भव्य ? सेमिनार 25 जुलाई दिन गुरुवार को ठंडी सड़क स्थित ग्रीन गार्डन में मां विशुद्धमती सभागार में 16 दिवसीय गणधर वलय स्तोत्र सेमिनार का शुभारंभ हुआ।

पुरानी बस्ती स्थित श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जी मे विराजमान ग्वालियर तिलक गणिनी आर्यिका105 श्री विशुद्धमती माताजी एवं प्रज्ञा पद्मिनी पट्ट गणिनी आर्यिका 105 विज्ञमती माताजी सेमिनार संयोजिका के चरणों में श्रीफल समर्पित कर ग्रीन गार्डन में आने हेतु निवेदन किया।

जानकारी देते हुए बबीता जैन एटा ने बताया कि गणिनी माता जी की जन्मभूमि ग्वालियर से पधारे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान वीरेंद्र जैन गंगवार ध्वजारोहण किया एवम श्री विमल जैन पूजा जैन सिंघई, आगरा के श्रेष्ठी श्रीमान सुरेश जैन माया जैन, मनीष जैन वंदना जैन, नित्य जैन ने मंच का लोकार्पण करके कार्यक्रम को गति प्रदान की, गणधर कलश की स्थापना श्री पद्म जैन गार्ड शोभा जैन, व मोहित जैन सोनल जैन, श्रुतस्कन्ध यंत्र स्थापना, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, रजत अर्घ एवं रजत पुष्प सर्मपित आदि के पश्चात रत्नत्रय चंद्रिका गणिनी आर्यिका श्री विशुद्धमती माता जी ने श्रावकों को बताया कि तीर्थंकरों की सभा में ऋद्धि धारी मुनि उपस्थित रहते हैं गण के नायक है गण के ईश है वो गणधर हैं इन्हें जैनों का गणेश भी कहते हैं, गणधर के अभाव में तीर्थंकर की वाणी नहीं खिरती है ऐसे महान विभूति के महा प्रभावक स्तोत्र की महिमा का बखान सेमिनार संयोजिका पट्ट गणिनी आर्यिका श्री विज्ञमती माताजी के मुखारविंद से स्तोत्र, अमृत मयी ऋद्धि मंत्रों से गणधर स्वामी का गुणानुवाद करना सेमिनार्थी सीखेंगे।

इस अवसर पर ग्वालियर के श्रेष्ठी श्री मान पद्म जैन गार्ड को समाज रत्न की उपाधि प्रदान की गयी सेमिनार आयोजक विशुद्ध भक्त परिवार के श्री नितिन जैन, आनन्द ज्वैलर्स, विजय अंबा सरिया, गजेन्द्र जैन, अनिल जैन, प्रदीप जैन, योगेश जैन, पंकज जैन, संजय जैन, सौरभ गुड्डा, जाजू जैन, नरेंद्र जैन, गौरव जैन, डॉ. शैलेन्द्र जैन, श्रमती बबिता जैन प्रेरणा, चिंकी जैन, पूनम जैन, सुनीता जैन, मंजू जैन, साधना जैन, मधू जैन, अंजना जैन सहित सैकड़ों की संख्या में सेमिनार्थी मां विशुद्ध सभागार में उपस्थित थे। संगीतकार केशव एंड पार्टी भोपाल की सुमधुर स्वरलहरियों पर श्रावकों ने खूब गुरु भक्ति की, मंच की निरीक्षण व्यवस्था दिगंबर जैन वीर मंडल द्वारा की गयी। आध्यात्म विशुद्ध वर्षा योग समिति एटा के मीडिया प्रभारी सुनील जैन बांदा ने बताया कि एटा के इतिहास में प्रथम बार होने जा रहे। **-अभिषेक जैन**

## संक्षिप्त समाचार

### नवगठित संस्थान आचार समिति के लिए मार्गदर्शिका पुस्तिका अनावरण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** एम्स, रायपुर द्वारा 24 जुलाई 2024 को संस्थान आचार समिति (आईईसी/इंस्टिट्यूशनल एथिक्स कमिटी) की स्थापना समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्यों के साथ-साथ वर्तमान और पूर्व आईईसी सदस्य, शोधकर्ता, चिकित्सा छात्र और विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे द्ध नवगठित आईईसी के अध्यक्ष डॉ. गोपाल प्रसाद सोनी ने उपस्थित श्रोताओं का स्वागत करते हुए बायोमेडिकल (जैव चिकित्सा) अनुसंधान में नैतिक प्रक्रियाओं और मानकों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। समारोह में अद्यतनित स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) पुस्तिका का औपचारिक अनावरण भी किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सशस्त्र बल मेडिकल कालेज, पुणे के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष ब्रिगेडियर प्रो. डॉ. वी. के. भट्टी ने अपने वक्तव्य में क्लिनिकल रिसर्च की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला तथा मेडिकल एथिक्स के सिद्धातों से अवगत कराते हुए वैज्ञानिक ज्ञान, अनुसंधान के विकास और मानवअधिकारों की रक्षा में नैतिक मानकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया साथ ही क्लिनिकल रिसर्च में निर्धारित मापदंडों के पालन पर बल दियाद्ध इस अवसर पर एम्स, रायपुर के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने कहा कि नैतिक शोध को बढ़ावा देने में आईईसी की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण होती हैद्ध एम्स, रायपुर के आईईसी की कार्यशैली और प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने संस्थान को चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक बने रहने की बात कही। ज्ञात हो कि आईईसी ही संस्थागत अनुसंधान कार्यों और परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करतें हुए शोधकार्यों के नीतिगत और नैतिक विकास के साथ-साथ अनुदान, पारदर्शिता और परिणामों पर निगरानी रखते हुए मार्गदर्शन प्रदान करती हैद्ध कार्यक्रम का संचालन आईईसी की सदस्य सचिव, डॉ. उपासना कचरू द्वारा किया गया।

### पर्यटन मंत्रालय द्वारा बिलासपुर और जगदलपुर को स्वदेश दर्शन 2.0 योजना में शामिल किया गया

**नई दिल्ली (पीआईबी)।** पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत विकास के लिए छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और जगदलपुर सहित देश में 57 स्थानों की पहचान की है और इस योजना के तहत 29 परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत उप-योजना चुनौती आधारित गंतव्य विकास के अंतर्गत विकास के लिए छत्तीसगढ़ के मयाली बगीचा सहित देश में 42 गंतव्यों का चयन किया गया है। इसके अलावा पर्यटन मंत्रालय ने तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत विकास के लिए छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के कुदरगढ़ मंदिर सहित देश में 29 परियोजनाओं की पहचान की गयी है। उक्त जानकारी आज, राज्य सभा में, केन्द्रीय पर्यटन मंत्री, श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने छत्तीसगढ़ से राज्य सभा सांसद श्रीमती फूलो देवी नेताम के अतारांकित प्रश्न के उत्तर में दी।

### बस्तर जिला प्रशासन द्वारा निवृतमान कमिश्नर श्याम धावड़े को दी गई आत्मीय विदाई

**जगदलपुर (विसं)।** बस्तर जिला प्रशासन द्वारा निवृतमान कमिश्नर श्री श्याम धावड़े को बुधवार शाम आत्मीय विदाई दी गई। इस दौरान नवपदस्थ कमिश्नर बस्तर श्री डोमनसिंह, पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज श्री सुन्दराज पी., डीआईजी श्री कमलोंचन कश्यप, श्री केएल ध्रुव, कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., एसपी श्री शलभ सिन्हा सहित बस्तर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत तथा डीएफओ मौजूद रहे। आरंभ में सभी अधिकारियों ने निवृतमान कमिश्नर श्री श्याम धावड़े को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। वहीं नवपदस्थ कमिश्नर श्री डोमनसिंह को पुष्प भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान बस्तर जिला प्रशासन परिवार द्वारा निवृतमान कमिश्नर श्री धावड़े को स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें नवीन पदस्थापना और नए दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

## भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज ने कहा- प्रेरणा जीवन में संग्रहालय नहीं, सफलता बने

### खुशियाँ आकाश से नहीं बरसतीं, आत्म विश्वास से प्राप्त होती है



**दिल्ली (विश्व परिवार)।** श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर कृष्णानगर दिल्ली में ऐतिहासिक चातुर्मास का भव्य आगाज हो चुका है। चातुर्मास के लिये प्रथम बार दिल्ली में पधारे परम पूज्य भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज के विशाल चतुर्विध संघ के सानिध्य में प्रतिदिन धार्मिक आयोजनों की धूम मची हुई है। पूज्य भाचार्य भगवन के मांगलिक प्रवचन सुनने पूरे दिल्ली NCR- से भारी संख्या में श्रध्दालु गण कृष्णानगर जैन मंदिर पहुंच रहे हैं। आचार्य भगवन ने धर्म सभा को संबोधित करते हुये कहा कि हैं। जिंदगी में खुशियाँ आकाश से नहीं वरसती आत्मविश्वास से जितना जितना आत्म विश्वास बढ़ता जाता है उतनी उतनी जीवन में खुशियों की बहार आने लगती है। दुनिया में जितने भी महापुरुष सफलतामों के शिखर पर पहुंचे हैं वे आत्म विश्वारत के बल पर ही पहुंचे हैं। यूँ तो हमारे जीवन प्रेरणा स्त्रोत तीर्थकर आचार्य भगवंत, साधु भगवंत आदि अनेकों महापुरुष होते हैं लेकिन हमारा' आत्म विश्वास न हो तो उन महापुरुषों की सभी प्रेरणायें मात्र संग्रहालय का काम करेंगी। जब प्रेरणा के साथ कार्य को करने वमा आत्म विश्वास जागता है तो वही आत्मविश्वारत हमारे जीवन में सफलतामों का प्रकाश भर देता है। हमारे अंदर आत्म विश्वास तो है, किन्तु उसे जगाने बाला कोई प्रेरणा पुरुष, कोई सद्गुरु जीवन में अवश्य चाहिये। जीवन में अगर सद्गुरु मिल जायें तो समझना चाहिये कि हमें तीनों लोकों का सर्वश्रेष्ठ- उपहार मिल गया है।

आचार्य श्री ने कहा कि जैन कुल में आत्मशुद्धि के साथ साथ जीवमान के कल्फण की भावना रखी जाती है। सभी का जीवन पुण्य और पाप से संचालित होता है। जीवन में सुख-दुख, दिन और रात की तरह परिणमन शील हैं। जैसे रात के बाद दिन और दिन के बाद रात का भाना तय है उसी तरह दुख के बाद द सुख सुख और और सुख बने बाद दुख का आना तय है वो अलग बात है कि जीव अपने पुरुषार्थ से दुख का अंत ही करद। जैनों के घरों में जैन कुल की पहियान, पानी छानने का छन्ना अवश्य होना चाहिये। हमारे अहिंसा के भावी से वो इन्ना भी इतना पावर फुल ही जाता है कि घर से व्यतर आदि बाधायें भी दूर रहती है।

## 28 जुलाई को गुंसी में होगी गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ की चातुर्मास कलश स्थापना



**गुन्सी (विश्व परिवार)।** प. पू. भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ एवं श्री दि. जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ क्षेत्र, गुन्सी (राज.) के दर्शनों का लाभ श्री दि. जैन पदयात्रा संघ, जयपुर ने प्राप्त किया।

राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष कासलीवाल एवं यात्रा संघ के संयोजक अमरचंद दीवान द्वारा संचालित अनेकानेक तीर्थ क्षेत्रों की यात्रा में सर्वप्रथम सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ क्षेत्र की यात्रा कर यात्रियों ने पुण्यार्जन किया।

पूज्य माताजी ने आशीर्वाद स्वरूप यात्रियों को तीर्थक्षेत्रों की यात्रा का फल साक्षात तीर्थंकर पद प्राप्त हो ऐसा मंगल आशीष प्रदान किया। तत्पश्चात सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ ट्रस्ट द्वारा माननीय अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। लगभग शतकाधिक यात्रियों ने जिनालय के भव्य निर्माण की मंगल भावना भायी। पश्चात् अल्पाहार ग्रहण किया।

गुरुभक्त प्रेमचंद बड़जात्या चौमूबाग जयपुर वालों के जन्मदिन पर श्री शांतिनाथ भगवान की शांतिधारा करायी गई। शुभम जैन अक्षत जैन निवाई द्वारा अभिषेक क्रियाएं सम्पन्न हुई।

विज्ञातीर्थ क्षेत्र पर आगामी 28 जुलाई को भव्य कलश स्थापना महोत्सव का आयोजन चातुर्मास 2024 का प्रारंभ होने जा रहा है। शुक्रवार को चतुर्मास समिति का गठन अधिकारी एवं ट्रस्टीयों के द्वारा किया जावेगा।

**-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## याकुल्ट डैनोन इंडिया ने याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर प्रस्तुत करने के साथ अपने उत्पादों के पोर्टफोलियो का विस्तार : ताज़ा तड़का शामिल किया

**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** दुनिया के जाने-माने प्रोबायोटिक ब्रांड याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज यह ऐलान किया है कि वह 25 जुलाई 2024 को एक नई क़िस्म - याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर पेश करके अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का और बढ़ा रही है।

इस पेशकश के कार्यक्रम में बॉलीवुड स्टार सान्या मल्होत्रा, मंत्री और भारत में जापान के दूतावास के मिशन के उप-प्रमुख श्री ताकाशी आरियोशी, याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री ईजी अमानो और याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की विज्ञान और नियामक मामलों की प्रमुख डॉ. नीरजा हजेला मौजूद थीं।




याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर जाने-माने याकुल्ट के जैसा ही एक प्रोडक्ट है। इस नए प्रोडक्ट में असली और पहले वाले याकुल्ट के समान वही अपने जैसा एक प्रोबायोटिक, 650 करोड़ लैक्टोबैसिलस कैसी शिरोटा (शिरोटा स्ट्रेन) उपलब्ध है। असली प्रोबायोटिक ड्रिंक का आविष्कार डॉ. मिनोरू शिरोटा नामक एक जापानी डॉक्टर ने किया था और इसे इंसानों के अच्छे माने जाने वाले बैक्टीरिया का सेवन करने के लिए तैयार किया गया था, जिसमें हमारी आँत तक ज़िंदा पहुँचने और सेहत के लिए जबरदस्त फ़ायदा पहुँचाने की ताक़त थी।


1900 के दशक की शुरुआत में जापान में साफ़-सफ़ाई की कमी और गरीबी के चलते बच्चों की इन्फेक्शन की वजह से होने वाली मौतों से दुखी होकर, उन्होंने बीमारियों और इन्फेक्शनों को होने के बाद ठीक करने के बजाय प्रोबायोटिक्स की शक्ति से बीमारियों को रोकने पर ज़ोर दिया। उन्होंने बाज़ार में खाने की चीज़ के रूप में शिरोटा स्ट्रेन को पेश करके अपने सपने को साकार किया ताकि अधिक से अधिक लोग इसके बढ़िया स्वाद का मज़ा लेते हुए प्रोबायोटिक जीवाणु का फ़ायदा उठा सकें। 90 से अधिक सालों के रिसर्च के ज़रिए, शिरोटा स्ट्रेन को रोज़ाना लेने पर पाचन बेहतर होता है और शरीर को बीमारियों से लड़ने की ताक़त बढ़ाने में मदद करने के लिए वैज्ञानिकों के द्वारा इसे सिद्ध पाया गया है। डॉ. शिरोटा के सिद्धांत के आधार पर, भारत में याकुल्ट कंपनी ने भारत के और भी ज़्यादा लोगों की सेहत में योगदान देने के लिए देश के पसंदीदा फल के स्वाद में इस प्रोडक्ट, याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर को पेश किया है।

याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर की रिटेल कीमत 5 बोतलों के पैक के लिए 100 रुपये है, जो 25 जुलाई 2024 से 28 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों में रिटेल दुकानों पर मिलेगा। साथ ही, याकुल्ट का एक अनूठा होम डिलीवरी सेल्स चैनल है, जिसमें तक़रीबन 300 याकुल्ट लेडीज़ दिल्ली एन.सी.आर., चंडीगढ़, जयपुर, मुंबई और पुणे में ग्राहकों के घरों तक याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर सहित इस प्रोडक्ट को पहुँचाती हैं, जो कि ई-कॉमर्स के ज़रिए भी उपलब्ध हैं। याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर की पेशकश के बारे में बोलते हुए, याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री इजी अमानो ने कहा, याकुल्ट में, हमारा मुख्य सिद्धांत अपने अनूठे प्रोबायोटिक स्ट्रेन लैक्टोबैसिलस कैसी शिरोटा स्ट्रेन का उपयोग करके दुनिया भर के ग्राहकों के पेट की सेहत को बेहतर बनाना है। भारत में हर रोज़ याकुल्ट की 2 लाख से अधिक बोतलों की खपत के साथ, हम घर-घर का नाम बन गए हैं, जिसका मज़ा कई परिवार अपने रोज़मर्रा के नियम के तौर पर लेते हैं। याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर को पेश किए जाने के साथ, हम भारत के ग्राहकों के स्वाद और पसंद को पूरा करने के लिए अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को बढ़ा रहे हैं।

यह नई क़िस्म हमारे क्लासिक याकुल्ट जैसे ही सभी के द्वारा पसंद किए जाने वाले आम के मज़ेदार स्वाद को पेश करती है। सेहत को होने वाले फ़ायदे को बनाए रखती है। हमारा मानना है कि यह नया प्रोडक्ट हमारे उन ग्राहकों को पसंद आयेगा जो आम के स्वाद बेहद पसंद हैं।

इस पेशकश के मौके पर सभी की निगाहें बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा पर टिकी हुई थीं, जिन्होंने कहा, मैं इस रोमांचक पेशकश का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूँ। बेवक़्त वाले लाइफस्टाइल, खराब खाना-पीना, तनाव, भरपूर नींद की कमी, प्रदूषण और आम तौर पर आँतों की खराब सेहत के कारण लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों का बढ़ना बहुत चिंता की बात है। **-कमल नयन नारंग**

## धार्मिक व्यक्ति सबको पसंद होता है लेकिन धर्म करना कोई नहीं चाहता : श्री विरागमुनि जी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** दादाबाड़ी में आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024 के छठवें दिन गुरूवार को दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनि जी ने कहा कि धार्मिक व्यक्ति कभी भी किसी का अपमान नहीं कर सकते हैं। जब कोई व्यक्ति धार्मिक हो जाता है तो लोग चाहते हैं कि मेरा बेटा भी ऐसा हो, मेरा पति भी ऐसा हो, मेरा भाई ऐसा हो, मेरे दोस्त जैसे हो, एक कर्मचारी चाहता है कि मेरा मालिक कैसा हो क्योंकि धर्म एक ऐसा पैरामीटर है जिसके ऊपर कुछ नहीं है। केवल इतना ही काफी नहीं होगा धार्मिक के साथ-साथ गुण भी होना चाहिए और जो हमारे अंदर के दोष है वह भी कम होने चाहिए।

मुनिश्री ने कहा कि पहले के लोगों को अगर आप देखें तो अगर आपस में कुछ ऐसी मनमुटाव वाली बात हो जाती थी और कोई गुस्सा भी हो जाता था तो आधे घंटे बाद सब शांत हो जाता था और लोग आपस में मिलजुल कर हंसते खेलते थे। जबकि आज स्थिति बहुत ही विपरीत हो चुकी है, आज एक बार किसी को गुस्सा आ जाए तो वह सामने वाले व्यक्ति का मुंह सालों साल नहीं देखता। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आज व्यक्ति अपने पापों को बढ़ता जा रहा है, लालच, ईर्ष्या, राग-द्वेष जैसे अवगुण व्यक्ति के अंदर आ गए हैं और इतने हावी भी हो गए हैं कि वह यह नहीं समझ पाता कि मुझे सामने वाले को माफ करना चाहिए या उससे माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि थोड़ा सा दुख हमारे जीवन में आ जाए तो हम किसे भूलते है। हमें अगर थोड़ा सा भी सिरदर्द होता है, तो हम भगवान को भूल जाते है, पूजा-पाठ करने मंदिर नहीं जाते है। जबकि उस दिन हम नहाने गए, खाना खाए, काम पर चले गए पर मंदिर नहीं गए। संसार जगत का कोई भी काम नहीं छोड़े और छोड़े तो कौन सा काम, पूजा-अर्चना का, धर्म का काम। थोड़ा सा सिर दर्द हुआ तो धर्म का काम छोड़ दिया तो सोचो जो नरक गति में रहते है वो कैसे करते होंगे, क्या उन्हें धर्म की चिंता करने का समय मिलता होगा।

मुनिश्री ने बताया कि व्यक्ति को जब सुख के साधन भी ज्यादा मिल जाए तो वह धर्म-कर्म नहीं करता। अगर करना भी चाहे तो वह नियमानुसार नहीं कर सकते है। एक मनुष्य गति ही ऐसा जीवन में जहां हम तप कर सकते है, साधना कर सकते है, आराधना कर सकते है। चातुर्मास जप-तप और पूजा-आराधना करने का समय है। आलस्य में अगर जीवन बिता दिया तो यह चार महीने भी निकल जाएंगे और पता भी नहीं चलेगा।

आत्मस्पर्शी चातुर्मास समिति 2024 के प्रचार प्रसार संयोजक तरुण कोचर और निलेश गोलछा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दादाबाड़ी में प्रतिदिन सुबह 8.45 से 9.45 बजे मुनिश्री की प्रवचन श्रृंखला जारी है, आप सभी धर्म बंधुओं से निवेदन है कि जिनवाणी का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

www.dainikvishwaparivar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर शुक्रवार 26 जुलाई 2024



## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर नम्रता गांधी ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

**धमतरी(विश्व परिवार)।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज जिला अस्पताल धमतरी का औचक निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता देखी। उन्होंने अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता और उपकरणों की स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में सभी आवश्यक सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध हैं और उन्हें समय पर प्रदान किया जाये। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में सुबह की पाली में बनाए जा रहे जन्म-प्रमाण पत्र दोनों पालियों में बनाया जाये, ताकि हितग्राहियों को सुविधा हो सके।अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए गए कि वे मरीजों को बेहतर सेवा देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं। कलेक्टर ने उपलब्ध दवाओं, उपकरणों, और स्टाफ की संख्या की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री गांधी ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये और हास्पीटल कन्सलटेंट को नोटिस देने कहा।स दौरान कलेक्टर ने सीजीएसएससी के तहत् निर्माणधीन कार्य का भी निरीक्षण किया और कार्य प्रारंभ नहीं होने पर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी करने कहा। इस दौरान कलेक्टर ने जिला अस्पताल में मरीजों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता देखी और गर्भवती माताओं को पौष्टिक लड्डू नहीं दिये जाने पर नाराजगी जताते हुए सिविल सर्जन को कारण बताओ नाटिस जारी करने कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीज कक्षों का भी अवलोकन किया बेडशीट साफ नहीं मिलने पर तत्काल बदलने कहा। जिला अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि वाशिग मशीन खराब है, जिसे कलेक्टर ने तत्काल सुधारवाने के निर्देश दिये।

### सामाजिक पहल,सिंधी समाज में मृत्यु भोज पर लगी पाबंदी

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** सिंधी समाज की एक सामाजिक पहल का स्वागत सिंधी पंचायत के सभी सदस्यों ने किया। सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी एवं पंचायत के पदाधिकारियों ने समाज हित मे मृत्युभोज में पाबंदी लगाई। पगड़ी रस्म या बारहवां में आयोजित भोज पर समाज सदस्यों को आमंत्रित करने पर बंधन लगाया। इसमें सिर्फ परिजन के सदस्यों के साथ रिश्तेदार ही भोज ग्रहण करें। समाज के शोक परिवार भी अन्य लोगो को आमंत्रित न करें तथा समस्त सिंधी समाज सदस्यों को निवेदन किया जा रहा कि इस मृत्युभोज के आमंत्रण पर नही जावे। साथ ही स्पष्ठ मना कर देवे ताकि शोकाकुल परिजन के यहां का भोजन व्यर्थ न हो। सिंधी पंचायत के पदाधिकारी उधाराम मूलचंदानी, गोवर्धन दास नवतानी, मनीष मूलचंदानी, सुंदर भोजवानी, संजय नत्थानी, सुनील दण्डवानी, हरेश नागवानी, बृजलाल नागवानी, विशाल दुल्हानी, राजेश दुल्हानी, गुलशन माधवानी, सुरेश मेठानी, किशोर मनवानी, अनिल हासानी, बसन्त मेघानी, सुनील नानकानी, डुला लछवानी सिंधी समाज सदस्यों को जानकारी दे रहे।

### कलेक्टर नम्रता गांधी ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली

**धमतरी(विश्व परिवार)।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक ली। उन्होंने शासन की योजना के क्रियान्वयन और राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति सहित राजस्व के कामकाज की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निपटारा किया जाए, जिससे आमजन को राजस्व संबंधी प्रकरणों के लिए बार-बार कार्यालय न आना पड़े। कलेक्टर सुश्री गांधी ने कार्यक्षेत्र में आ रही बाधाओं के समाधान के संबंध में भी विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, संयुक्त कलेक्टर श्री रामकुमार कृपाल सहित सभी एसडीएम और तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को नसीहत दी है कि वे राजस्व संबंधी कार्यो के लिए पूर्व में कार्ययोजना तैयार कर कार्य करें। इसके साथ ही तहसीलदार माह में एक दिन गांवों में जाकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में शुरू होने वाली समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के पूर्व फौती, बंटाकन का कार्य पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग आमजन से सीधा जुड़ा हुआ है., इसलिए राजस्व अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए। पैतृक कृषि भूमि सह खातेदारों के मध्य भूमि विभाजन एवं लम्बित राजस्व मुकदमों में समझाईश एवं समझौते को बढ़ावा देना चाहिए। कलेक्टर सुश्री गांधी ने समीक्षा बैठक में कहा कि राजस्व अधिकारी शासन के कल्याणकारी योजनाओं के सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करें। ताकि इसका लाभ लक्षित वर्गो को मिल सकें।

# शासकीय योजनाओं के क्रियान्यन में न करें कोई लापरवाही



**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में मंगलवार को समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर निगरानी के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने निर्धारित ग्राम पंचायतों का भ्रमण करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन पर निगरानी रखेंगे। उन्होंने कहा कि इससे विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सभी निर्मित शेडों को कार्यशील बनाने तथा स्वसहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से कचरा संग्रहण एवं निष्पादन करने के निर्देश दिए। उन्होंने गारबेज वल्नरेबल प्वाईंट्स से कचरा हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी इस दौरान दिए। उन्होंने सामुदायिक बायोगैस तथा शौचालय के निर्माण में गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राशन कार्डों में सदस्यों के ई-केवायसी के कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन दुकान संचालकों द्वारा इस कार्य में लापरवाही बरती जा रही है, उनके विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने दिव्यांग शिविरों में प्राप्त आवेदनों के आधार पर दिव्यांगता की जांच सुनिश्चित करते हुए दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए समाज कल्याण विभाग की उप संचालक को निर्देशित किया। इसके साथ ही स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए भी निर्देशित किया। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ ही कुष्ठ, क्षय रोग के रोगियों की पहचान करने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए ग्रामवार लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने इसके साथ ही आश्रम-छात्रावासों में अध्ययनरत बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण की समीक्षा भी की। उन्होंने मलेरिया तथा डायरिया की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों को मच्छरदानी के उपयोग के लिए जागरुक करें। इसके साथ ही जलस्त्रोत एवं पानी टंकियों का क्लोरीनाईजेशन करें। उन्होंने लंबे समय तक बिना सूचित किए हुए कार्य में अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार बर्खास्तगी की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी भवन, उचित मूल्य की दुकान, देवगुड़ी सहित मनरेगा के तहत निर्माणाधीन कार्यों को त्वरित गति के साथ पूर्ण करते हुए पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवासों के निर्माण की समीक्षा करते हुए कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल स्त्रोतों के आसपास जल संरक्षण हेतु संरचना निर्माण के लिए भी निर्देशित किया।

# कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति का लिया जायजा

**ग्राम चिरईगोड़ी में खाद वितरण केन्द्र, लिमोरा में पुलिया निर्माण, करहीभदर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण**

**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने आज बरसते पानी में जिले के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर जिले में लगातार हो रहे बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को पूरे समय मुस्तैद रहकर लगातार हो रहे बारिश के कारण उत्पन्न किसी भी स्थिति से निपटने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस दौरान आम जनता को खाद्यान, दवाई, शुद्ध पेयजल आदि अति आवश्यक चीजों के प्रबंध हेतु किसी भी प्रकार के परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस दौरान कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम चिरईगोड़ी के उप खाद गोदाम में पहुँचकर वहाँ पर उपलब्ध खाद का अवलोकन किया। उन्होंने गोदाम के कर्मचारियों से खाद की उपलब्धता एवं किसानों को वितरण के संबंध में जानकारी ली। श्री चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर उन्हें समय पर खाद बीज की समुचित उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र करहीभदर में पहुँचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित खण्ड चिकित्सा अधिकारी से अस्पताल में प्रतिदिन ईलाज हेतु आने वाले मरीजों की संख्या आदि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में ओपीडी का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अस्पताल के वार्ड में पहुँचकर वहाँ भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने मरीजों से ईलाज एवं अस्पताल के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल के डॉक्टरों एवं कर्मचारियों से वर्षा ऋतु के दौरान मौसमी बीमारियों के प्रकोप बढ़ने की संभावना को देखते हुए पूरे समय सजग एवं सतर्क रहकर मरीजों की बेहतर ईलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खण्ड चिकित्सा अधिकारी को अस्पताल में समुचित मात्रा में दवाई एवं चिकित्सीय उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा अस्पताल में बेहतर साफ-सफाई की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात् कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम लिमोरा में पहुँचकर पीपरछेड़ी-लिमोरा मार्ग में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया।

## हाथियों के दलों ने दो गावों में मचाया कोहराम, ग्रामीण को कुचलकर मार डाला और फसलों को किया बर्बाद

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** जिले में हाथियों के दलों का उत्पात जारी है, जिसने दो अलग-अलग स्थानों पर हाहाकार मचा दिया है. रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के बगरा गांव में हाथियों ने एक ग्रामीण को कुचल कर मार डाला और एक व्यक्ति को घायल कर दिया है. वाड्रफनगर रेंज के रजखेता गांव में बड़े क्षेत्रफल में लगे धान की फसल को 40 हाथियों के दल ने बर्बाद कर दिया है. हाथियों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत है और वे रतजगा करने को मजबूर है. जानकारी के अनुसार, रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के बगरा गांव निवासी राजा सिंह (उम्र 45 वर्ष) अपने दोस्त लक्ष्मण सिंह (उम्र 50 वर्ष) के साथ किसी कार्यक्रम से घर लौट रहे थे. इसी बीच दोनों का सामना हाथियों के दल से हो गया. जिसके बाद राजा राम सिंह को हाथियों ने पटक-पटक कर मार डाला. वहीं लक्ष्मण सिंह किसी प्रकार अपनी जान बचाकर हाथियों के चंगुल से भाग निकाला जो घायल अवस्था में गांव की ओर पहुंचा था. मामले की सूचना के बाद वन विभाग ने उसे रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है. जहां घायल का इलाज जारी है. वहीं वादक नगर के राजकीयता ग्राम में 40 हाथियों के दल ने रात में जमकर उत्पाद मचाया है. हाथियों ने खेतों में लगे किसानों की धान की फसल को नष्ट कर दिया.

## चाकू लेकर लडक़ी को दौड़ाया,लोगों ने पकडक़र किया पुलिस के हवाले

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** डोंगरगढ़ में एक युवती को चाकू लेकर दौड़ाने वाले युवक को आसपास के लोगों ने पकडक़र पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चाकू जब्त किया तथा आरोपी खिलाफ धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गस्त-पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 23 जुलाई को थाना डोंगरगढ़ को सूचना मिली कि बुधवारी पारा डोंगरगढ़ वार्ड नं.- 14 की एक लडक़ी को उसके घर आगे गली में एक व्यक्ति धारदार चाकू लेकर मारने के लिये दौड़ा रहा था। जिसे आसपास के लोगों ने पकडक़र रखा है। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर और आरोपी आस्टीन डेविड पिता अविनाश डेविड उम्र- 25 साल निवासी जरहागांव थाना जरहागांव जिला मुंगेली को पकडक़र उसके पास से एक धारदार चाकू जप्त किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# कलेक्टर के निर्देशानुसार अधिक जलभराव वाले पुल-पुलियों में लगाया जा रहा सावधानी बोर्ड

**पुल के ऊपर पानी रहने पर पार नहीं करने लोगों को किया जा रहा जागरूक**

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** पिछले कुछ दिनों से जिले में लगातार हो रही बारिश से कई नदी नाले उफान पर है। साथ ही कई जगहों पर बारिश का पानी सड़कों और पुल-पुलियों के उपर से भी बहने की सूचना मिल रही है। ऐसे में कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने लोगों को भारी बारिश से सुरक्षित रखने एवं सावधानीपूर्वक पुल-पुलियों को पार करने के लिए जागरूक करने के निर्देश विभागीय अधिकारी को दिये हैं। कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देशानुसार लोगों को सावधानीपूर्वक पुल-पुलियों को पार करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से पुल-पुलियों एवं सड़कों के किनारे सावधानी बोर्ड लगाया जा रहा है। इस कार्य में लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, एनएच एवं अन्य विभागों द्वारा समन्वय करके सावधानी बोर्ड लगाया जा रहा है। जिले के मैदानी सहित दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों के पुल-पुलियों एवं सड़कों में भी सावधानी बरतने के सूचनायुक्त बैनर, फ्लैक्स एवं स्थायी सूचना बोर्ड लगाया जा रहा है। इसके तहत जिले के दूरस्थ क्षेत्र मैनपुर के कामेपुर रोड, अड़गड़ी नाला, राजापड़ाव से गौरगांव रोड़, जरहीडीह नाला, धवलपुर से जरन्डीह, भाखड़ी पैरीनदी एवं गरियाबंद से उर्तुली, पारागांव नाला में सावधानी बोर्ड लगाकर लोगों को अधिक जलभराव से सुरक्षित रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। अधिक जल भराव वाले सड़क एवं पुल-पुलियों में लोगों को पुल के उपर से पानी बहने पर पार नहीं करने तथा सावधानीपूर्वक आवागमन करने की सूचना बोर्ड के माध्यम से दी जा रही है। आसपास गांव के लोगों को यह भी समझाईश दी जा रही है कि पुल-पुलियों से अधिक जल बहाव की स्थिति में जान-माल के नुकसान को ध्यान में रखते हुए सावधानी बरती जाए।

# कलेक्टर ने किया परीयना दिव्यांग विद्यालय का निरीक्षण



**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** जिले के एजुकेशन हब गरांजी में स्थित परियना दिव्यांग आवासीय विद्यालय का आज कलेक्टर बिपिन मांझी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से मिलकर उन्हें चॉकलेट वितरण किया, जिसके पश्चात् दिव्यांग बच्चों के द्वारा स्वागत गीत गाकर कलेक्टर का स्वागत किया गया, गीत को सुनकर कलेक्टर ने बच्चों की सराहना की। दिव्यांग विद्यालय के नोडल अधिकारी उमेश रावत द्वारा कलेक्टर को विद्यालय परिसर का भ्रमण कराया गया। कलेक्टर द्वारा विद्यालय के अध्यापन कक्ष, सयन कक्ष, किचन, थेरेपी कक्ष, स्टॉप रूम के रख रखाव एवं साफ सफाई को को देखकर प्रशंशा की गई। नोडल अधिकारी द्वारा कलेक्टर को जानकारी दिया गया कि पूर्व में यह छात्रावास 35 बच्चों हेतु खोला गया था। यह छात्रावास डीएमएफ एवं जिला शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में इस विद्यालय में 46 बच्चें अध्ययनरत हैं परंतु आबंटन 35 बच्चों के हिसाब से प्राप्त होने के कारण भोजन व्यवस्था में दिक्कत आ रही है। दो कमरे एवं किचन कक्ष के अधूरे निर्माण की वजह से वर्तमान में बच्चों को भोजन करने के लिए 150 मीटर दूर जाना पड़ता है, जिससे वर्षा ऋतु में बच्चों को परेशानी होती है। साथ ही बाउंड्रीवाल एवं चैनल गेट नहीं होने के कारण भी जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। सभी बातों को सुनकर कलेक्टर मांझी द्वारा अधूरे निर्माण को पूर्ण कराने के साथ साथ बाउंड्रीवाल एवं गार्ड रूम की व्यवस्था करने हेतु आश्वासन दिया गया। कलेक्टर ने आश्रम शाला नेलनार का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। मंडल संयोजक अजय तिवारी एवं शिक्षिका द्वारा जानकारी दिया गया कि आश्रम के आसपास लावारीस कुत्तों का जमावाड़ा रहता है। बिते कल छात्रावास की एक बच्ची के उपर कुत्तों द्वारा हमला किया गया है। इस घटना को कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक लेते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए नगरपालिका अधिकारी को अवारा कुत्तों को पकड़कर नगर के बाहर करने निर्देशित किया है। कलेक्टर ने आश्रम परिसर में भ्रमण करते हुए परिसर में पौधरोपण करने हेतु लक्ष्य निर्धारित करने कहा। पौधों को सुरक्षित रखने हेतु नगरपालिका को निर्देशित किया गया है कि इसके लिए समुचित व्यवस्था करें। कलेक्टर ने एजुकेशन हब गरांजी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत् किये जा रहे पौधरोपण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने पौधे के संरक्षण एवं सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश नगरपालिका अधिकारी को दिया। इस दौरान सर्वआदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम, बृजमोहन देवांगन, सहायक संचालक उद्यानिकी तोषण चंद्राकर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष कोर्राम सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।

## व्यापार समाचार

## इंतजार खत्म! रियलमी 13 प्रो सर्विस 5जी की लॉन्च डेट आई सामने

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** शुरू के दिनों में जब स्मार्टफोन आए थे तब उनकी टेक्नोलॉजी वैसी नहीं थी जो अब है। पहले ब्लर फोटो और सुस्त परफॉर्मेंस से लेकर कमजोर स्क्रीन और शॉर्ट बैटरी लाइफ आम बात होती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। पिछले कुछ सालों में, हमने स्मार्टफोन की क्वालिटी में उल्लेखनीय विकास देखा है, जिसमें हर जनरेशन का फोन इनोवेशन और यूजर एक्सपीरियंस की सीमाओं को आगे बढ़ा रहा है। आज के स्मार्टफोन पहले से कहीं ज्यादा पावरफुल और टिकाऊ हैं। किसी भी तेजी से विकसित हो रही टेक्नोलॉजी की तरह, इसमें हमेशा सुधार की गुंजाइश होती है। बेहतरीन स्मार्टफोन की तलाश इंडस्ट्री को आगे बढ़ाता रहता है। अपने 13 प्रो सीरीज 5जी के अपकमिंग लॉन्च के साथ, रियलमी एक्सीलेंस की गारंटी दे रहा है। ब्रांड का प्राइमरी फोकस सभी सेगमेंट में अपने प्रोडक्ट की क्वालिटी में सुधार करना है। 13 प्रो सीरीज 5जी के साथ, रियलमी का लक्ष्य न केवल प्रभावशाली जानकारी देना है, बल्कि क्वालिटी की नींव पर निर्मित प्रीमियम स्मार्टफोन एक्सपीरियंस प्रदान करना है, जो खास तौर से मिड-हाई सेगमेंट में कस्टमर्स की जरूरतों और डिमांड को पूरा करता है। बेहतर क्वालिटी वाले स्मार्टफोन और बेहतर एक्सपीरियंस प्रदान कर रियलमी का लक्ष्य मिड-हाई स्मार्टफोन मार्केट में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। रियलमी एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता है जहां बैटरी की परेशानी न हो, एक ऐसा भविष्य जो ज्यादा कैपेसिटी, स्मार्ट पावर मैनेजमेंट और ऐसी टेक्नोलॉजी से संचालित हो जो आपके लाइफ के साथ चलती रहे। यह केवल परफॉर्मेंस के बारे में नहीं है, यह मजबूती के बारे में है। रियलमी ऐसे डिवाइस बनाने का प्रयास करता है, जो टिकाऊ और पावरफुल हो, जो डेली लाइफ की परेशानियों को आसानी से हल कर सके। कल्पना कीजिए कि आप अचानक बारिश में फंस गए, आपका फ्यूचर रियलमी स्मार्टफोन, अपनी आईपी65 प्लस रेटिंग के साथ, बारिश को ऐसे झेल जाएगा जैसे कुछ भी नहीं हुआ हो। फ्यूचर रियलमी स्मार्टफोन पानी में गिरने के बाद भी पूरी तरह से काम करते रहेंगे। 13 प्रो सीरीज 5जी इस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो यूजर्स के फोन गिरने और खरोंच की स्थिति में बचाव करते हुए प्रतिष्ठित एसजीएस फाइव-स्टार फॉल सर्टिफिकेशन का दावा करता है। रियलमी अपने सेल्स सर्विस को अगले लेवल पर ले जा रहा है। 13 प्रो सीरीज 5जी के साथ, रियलमी ने 30-दिन की रिप्लेसमेंट गारंटी पेश की है। रियलमी 13 प्रो सीरीज 5जी 30 जुलाई को लॉन्च होगा, जो ब्रांड की जर्नी में एक नया चैप्टर जोड़ेगा और मिड-हाई स्मार्टफोन मार्केट में क्वालिटी के लिए एक नया स्टैंडर्ड स्थापित करेगा।

## कैपिटल गेन टैक्स में बदलाव का शेयरों की खरीद-बिक्री पर क्या होगा असर?

**मुंबई ( एजेंसी )।** आम बजट 2024 में कैपिटल गेन पर टैक्स में कई अहम बदलाव किए गए हैं। इसका असर सीधे तौर पर निवेशकों को होने वाले मुनाफे पर पड़ेगा। बजट में दिए गए प्रस्ताव के अनुसार, शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कि पहले 15 प्रतिशत था। यानी अब कोई भी निवेशक 12 महीने से पहले किसी भी लिस्टेड बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया है। अब निवेशकों को 12 महीने से ज्यादा समय तक होल्ड किए गए शेयरों को बेचने पर हुए मुनाफे पर 12.5 प्रतिशत टैक्स देना होगा। सरकार ने टैक्स में मामूली इजाफा करने के साथ निवेशकों को राहत भी दी है। लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन में मिलने वाली टैक्स छूट को अब बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये कर दिया गया है, जो कि पहले 1 लाख रुपये थी। फ्यूचर और ऑप्शन पर लगने वाली सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) को बढ़ाकर 0.02 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत कर दिया गया है। डेरिवेटिव सेगमेंट में ऑप्शन को सेल पर विक्रेता की ओर से 0.0625 प्रतिशत एसटीटी अदा किया जाएगा। वहीं, इस पर 0.125 प्रतिशत एसटीटी ऑप्शन खरीदार की ओर से दिया जाएगा। फाइनेंस बिल के मुताबिक, नई दरें एक अक्टूबर से लागू होंगी। वहीं, स्टैंडर्ड डिडक्शन को बढ़ाकर 75,000 रुपये कर दिया गया है, जो पहले 50,000 रुपये थी।

## सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड ने सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) किया दाखिल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड वित्त वर्ष 2023 तक परिचालन आय के मामले में पूर्वी भारत में मुख्यालय वाली सबसे बड़ी फुल-सर्विस और इंटीग्रेटेड डायग्नोस्टिक चैन है। ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, कोलकाता मुख्यालय वाली कंपनी के आईपीओ में सेलिंग शेयरधारकों के 1.92 करोड़ इक्विटी शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। ओएफएस में इन्वेस्टर सेलिंग शेयरधारक - ऑर्बिमेड एशिया ढ्ढढ्ढ मॉरीशस लिमिटेड के 1,06,60,737 इक्विटी शेयर शामिल हैं। साथ ही, प्रमोटर विक्रय शेयरधारक - डॉ. सोमनाथ चटर्जी, रितु मित्तल और सतीश कुमार वर्मा द्वारा प्रत्येक के 2,132,148 इक्विटी शेयर, और व्यक्तिगत विक्रय शेयरधारक, मुन्ना लाल केजरीवाल और संतोष कुमार केजरीवाल द्वारा क्रमशः 799,556 इक्विटी शेयर और 1,332,593 इक्विटी शेयर ऑफर फॉर सेल शामिल है। । इस ऑफर का उद्देश्य विक्रय शेयरधारकों द्वारा 1.92 करोड़ इक्विटी शेयरों तक की बिक्री की पेशकश करना है; और स्टॉक एक्सचेंजों पर इक्विटी शेयरों को सूचीबद्ध करने का लाभ प्राप्त करना है। डॉ. सोमनाथ चटर्जी ने स्वर्गीय किशन कुमार केजरीवाल के साथ मिलकर 1992 में 'सुरक्षा' ब्रांड के तहत कोलकाता में एक पूरी तरह से व्यापक डायग्नोस्टिक सेंटर बनाया।

# पेरिस में अनुभवी ही नहीं भारत के युवा ओलंपियन भी हैं मेडल के दावेदार




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पेरिस ओलंपिक के करीब आने के साथ ही भारत में मेडल के दावेदारों की संख्या काफी बढ़ गई है। नीरज चोपड़ा, सात्विक-चिराग, मीराबाई चानू और निखत जरीन जैसे नाम तो आपने कई बार सुने होंगे, जो पहले से ही बड़ी ताकत के रूप में स्थापित हैं और अपने-अपने खेल में मेडल के प्रबल दावेदार हैं, लेकिन इस दल में ऐसे एथलीट भी हैं जो भारतीय खेल इतिहास में भविष्य की बड़ी ताकत हैं। पेरिस में भारत के युवा ओलंपियन डेब्यू के लिए तैयार हैं। इस बार ओलंपिक में भारत की ओर से कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं, जो प्रभावशाली प्रदर्शन करके बड़े नामों से ज्यादा सुर्खियां बटोर सकते हैं। 117 सदस्यीय दल में 47 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्हें एक या उससे अधिक ओलंपिक खेलने का अनुभव है। इनमें पुरुष हॉकी टीम समेत पांच पदक विजेता भी शामिल हैं जबकि 70 खिलाड़ी पहली बार ओलंपिक में शिरकत करने जा रहे हैं। चलिए एक नजर कुछ उन युवा ओलंपियन पर डालते हैं, जो पहली बार खेल के इस महाकुंभ में भाग ले रहे हैं लेकिन दिग्गजों को पछाड़ने का माद्दा रखते हैं। धिनिधि देसिंघु (तैराकी): 14 वर्षीय तैराक धिनिधि देसिंघु पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत की सबसे युवा एथलीट के रूप में इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। उन्होंने पिछले साल राष्ट्रीय खेलों और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीते हैं। इस साल अच्छे प्रदर्शन के बाद वह शीर्ष रैंक वाली भारतीय महिला तैराक भी हैं। वह ओलंपिक में 200 मीटर फ्रीस्टाइल में भाग लेंगी। श्रीजा अकुला (टेबल टेनिस): टेबल टेनिस को फॉलो करने वाले लोगों के लिए यह एक जाना-पहचाना नाम है। अकुला पेरिस से टीटी में पहला ओलंपिक पदक लाने की शीर्ष संभावनाओं में से एक हैं। भारत की नंबर 1 रैंक वाली पैडलर के लिए ओलंपिक से पहले 8 महीने काफी शानदार रहे हैं। वह फीडर कॉर्पस क्रिस्टी 2024 टूर्नामेंट में जीत हासिल करके डब्ल्यूटीटी टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनीं, फिर एक शीर्ष चीनी खिलाड़ी को हराया और एक और डब्ल्यूटीटी खिताब अपने नाम किया। वह शरत कमल के साथ मिश्रित युगल में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भी हैं। अंतिम पंघाल (रेसलिंग): अपने नाम पर पहले से ही ढेरों पुरस्कार जीत चुकी अंतिम पंघाल इस लिस्ट में सबसे चर्चित एथलीट हैं। दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन पहलवान और एशियाई खेलों, एशियाई चैंपियनशिप और सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की पदक विजेता पंघाल को देखकर ऐसा लगता है कि वह दशकों से अपने हुनर में माहिर हैं। लेकिन सच तो यह है कि वह अभी सिर्फ 19 साल की हैं। हरियाणा की इस प्रतिभाशाली पहलवान के लिए आसमान ही सीमा है। अंतिम 53 किलोग्राम भारवर्ग में पदक के लिए अपना हुनर दिखाएंगी।

## भारतीय महिला क्रिकेट की स्टार हैं लेडी सहवाग के नाम से मशहूर शेफाली वर्मा



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** महिला एशिया कप 2024 में सात बार की चैंपियन भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसमें सबसे बड़ा योगदान रहा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का। उन्होंने नेपाल के खिलाफ 48 गेंद में 81 रन की आतिशी पारी के दौरान एक वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। हरियाणा के रोहतक से आने वाली शेफाली वर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी क्षमता अद्भुत है। महिला क्रिकेट में उनका बेखौफ अंदाज देखकर उनकी तुलना पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग से भी की जाती है। वीरेंद्र सहवाग और शेफाली वर्मा दोनों हरियाणा से हैं। दोनों ही खतरनाक सलामी बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। साथ ही जिस तरह से कदमों का इस्तेमाल शेफाली करती हैं, वो सहवाग जैसा ही है। महिला एशिया कप 2024 में भी उनका बेखौफ अंदाज फैंस का दिल जीत रहा है। नेपाल के खिलाफ तूफानी पारी के बाद टूर्नामेंट में उनका नाम शीर्ष स्कोरर की लिस्ट में टॉप पर है। टीम इंडिया ने मंगलवार को नेपाल को 82 रन के अंतर से हराया। भारत ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की और छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस मैच की हीरो पूरी तरह से शेफाली रही हैं, उन्होंने 48 गेंद में 12 चौके और एक छक्के की मदद से 81 रनों की पारी खेली है। यह एक ऐसी पारी थी जिसने नेपाल की गेंदबाजों को कोई मौका ही नहीं दिया। शेफाली का साथ हेमलता ने दिया जिन्होंने 42 गेंद में 47 रनों की पारी खेली थी। प्लेयर ऑफ द मैच रही शेफाली ने इस मैच में वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। शेफाली वर्मा का टी20 इंटरनेशनल में यह 10वां अर्धशतक है। शेफाली ने तूफानी अर्धशतकीय पारी खेलकर एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

## नेपाल को 82 रन से रौंदकर भारत ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**दांबुला( एजेंसी )।** शैफाली वर्मा के धुआंधार 81 रन (48 गेंद) के बाद फिरकी गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने मंगलवार को यहां रनगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में महिला एशिया कप के ग्रुप ए मैच में नेपाल को 82 रनों से रौंदकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की और छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। नेपाल की टीम 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कभी भी जीत की स्थिति में नहीं दिखी। उसने दूसरे ओवर में अरुंधति रेड्डी की गेंद पर सलामी बल्लेबाज समझना खड़का (7) को आउट कर दिया। सीता राणा मगर और कबिता कुंवर ने पावर-प्ले में टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन रेड्डी ने पांचवें ओवर में कुंवर (6) को आउट कर टीम को एक और झटका दिया। सीता और कप्तान इंदु बर्मा ने वापसी करते हुए तीसरे विकेट के लिए 22 रन जोड़े। राधा यादव ने इंदु बर्मा का विकेट लेकर इस साझेदारी को तोड़ दिया और 9.2 ओवर में श्रीलंका का स्कोर 43/3 हो गया। सीता ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सकीं। अगले ओवर में रेड्डी ने उन्हें भी पवेलियन भेज दिया। नेपाल ने 11 ओवर के अंदर अपनी आधी टीम खो दी जबकि जीत के लिए उस समय 120 से अधिक रन चाहिए थे। चौदहवें ओवर में दीप्ति शर्मा ने तीन गेंदों के अंतराल में रुबीना छेत्री (15) और कबिता जोशी (0) को पवेलियन भेज दिया। नियमित अंतराल पर नेपाल के विकेट गिरते रहे और 20 ओवर में वह 96/9 ही बना सका। भारत के लिए दीप्ति ने अपने चार ओवर में 3-13 के आंकड़े के साथ वापसी की, जबकि रेड्डी और राधा ने दो-दो विकेट लिए। इससे पहले, शैफाली वर्मा के शानदार अर्धशतक और दयालन हेमलता के 47 रनों की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए 178/3 का स्कोर बनाया।

## महिंद्रा ट्रक एंड बस ने रायपुर, छत्तीसगढ़ में नई डीलरशिप का उद्घाटन किया




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** वित्त वर्ष 24 में बिजनेस वॉल्यूम में 46 प्रतिशत की मजबूत 4 साल की सीएजीआर वृद्धि के बाद, महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन (एमटीबीडी) ने रायपुर, छत्तीसगढ़ में नई अत्याधुनिक डीलरशिप, बथवाल सर्विसेज का उद्घाटन किया। यह डीलरशिप 27,000 वर्ग फुट में फैली हुई है और इसमें कुल 10 वाहन सर्विस बे हैं, जो ड्राइवर लॉजिंग, 24 घंटे ब्रेकडाउन सहायता और एडब्लू उपलब्धता भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के बिजनेस हेड - कमर्शियल व्हीकल्स श्री जलज गुप्ता ने कहा, ''भारत के कमर्शियल व्हीकल्स के बाजार में महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन (एमटीबीडी) की मजबूत उपस्थिति है, जिसने पहले ही कई क्षेत्रों और बाजारों में नंबर 3 स्थान हासिल कर लिया है। हमें विश्वास है कि हमारे नेटवर्क में इन 5 नई डीलरशिप के जुड़ने से हमारी पहुंच का विस्तार करने में मदद मिलेगी। नई डीलरशिप हमारे ग्राहकों को वाहनों की सर्विसिंग में मदद करेगी और उनके बेड़े को देखभाल के लिए अधिक समय प्रदान करेगी। हम आगे के अवसरों को लेकर उत्साहित हैं और अपने सम्मानित ग्राहकों को इनोवेटिव और बेहतर परिवहन समाधान प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।'' श्री गुप्ता ने महिंद्रा के वाहनों की बेहतर तकनीकी क्षमता के बारे में जोर देते हुए क्चस्6 ह्रश्व ढ्ढ रेंज के ट्रकों के लिए नई माइलेज गारंटी 'ज्यादा माइलेज नहीं तो ट्रक वापस' को भी लॉन्च किया, जो ट्रांसपोर्टरों के लिए लाभ के अवसरों को बढ़ाती है। उन्होंने आगे कहा कि मजबूत डीलर भागीदारों के साथ मिलकर ये अत्याधुनिक 3एस सुविधाएं उच्च ग्राहक सेवा मानक स्थापित करेंगी और महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन कारोबार का विस्तार करेंगी। महिंद्रा ब्लेज़ो एक्स, फ्युरिओ, ऑप्टिमो और जयो भारत में एकमात्र सीवी ट्रक रेंज हैं जो श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ईंधन दक्षता सहित डबल सर्विस गारंटी देते हैं।

## पेरिस ओलंपिक में मंडरा रहा डेंगू का बड़ा खतरा

**फ्रांस( एजेंसी )।** ओलंपिक गेम दुनिया का सबसे बड़ा इवेंट है. जिसमें दुनिया भर के एथलीट्स पार्टीसिपेट करने आते हैं. इस बार बार पेरिस में ओलंपिक गेम का आयोजन किया जा रहा है. लेकिन अब दूसरी तरफ साइंटिस्ट ने चिंता जताते हुए कहा है कि इतने सारे लोगों का एक जगह पर होने के कारण यह डेंगू बुखार के लिए सुपर-स्प्रेडर इवेंट बन सकता है. इसलिए गेम के दौरान खास सावधानी की जरूरत है. फ्रांसीसी अधिकारियों ने डेंगू डिटेक्टिव की भर्ती की है जो पेरिस में जहां खेल आयोजित किए जाएंगे उसमें एशियाई टाइगर के मच्छर पर नज़र रखा जाएगा. रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर से लोग यहां आएंगे. ओलंपिक के दौरान पेरिस में काभी ज्यादा भीड़भाड़ रहेगा. अगर मौसम की बात करें तो गर्मी और बरसात दोनों रहेंगे इसके कारण कीड़े और मच्छर पनपने के चांसेस बढ़ जाएंगे. यही वजह है कि अनुमान लगाए जा रहे हैं कि डेंगू के मच्छर पनप सकते हैं. जिस तरीके से ग्लोबल वॉर्मिंग बढ़ रही है उस हिसाब से देखें तो 13 यूरोपीय देशों में तेजी में डेंगू के मच्छर पनपे हैं. डेंगू की बीमारी सिर्फ यूरोपीय मुद्दा नहीं है यह पूरी दुनिया के लिए मुसीबत बनी हुई है. बीमारी की रोकथाम के लिए कई केंद्र रखे गए हैं. सीडीसी के आंकड़ों के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका में भी मामले बढ़ रहे हैं. वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार डेंगू बुखार एक वायरल इंफेक्शन है जो संक्रमित मच्छर के काटने से इंसान में फैलता है. डेंगू, जिसे ब्रेक-बोन बुखार के रूप में भी जाना जाता है. उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय जलवायु में अधिक आम है. गंभीर मामलों में डेंगू बुखार घातक हो सकता है.

## इंडियन ऑयल ने ग्रीन हाइड्रोजन ई-मोबिलिटी के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए भारतीय नौसेना को ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन सेल बस से सुसज्जित किया




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंडियन ऑयल ने सुदृढ़, पर्यावरण-अनुकूल परिवहन समाधानों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारतीय नौसेना को एक अत्याधुनिक हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल बस सौंपी है। हेवी-ड्यूटी ई-मोबिलिटी के लिए हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रौद्योगिकी के प्रयोग में अग्रणी बनने के लिए इंडियन ऑयल और भारतीय नौसेना के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। यह एक ऐतिहासिक क्षण था।

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, इंडियन ऑयल के अध्यक्ष श्री एस एम वैद्य और इंडियन ऑयल तथा भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में, नई दिल्ली के नौ सेना भवन में वाइस एडमिरल, दीपक कपूर, भारतीय नौसेना के लॉजिस्टिक नियंत्रक और इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक डॉ. कन्नन चंद्रशेखरन के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। भारतीय नौसेना के नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, इंडियन ऑयल और भारतीय नौसेना के बीच साझेदारी विश्वास के अटूट बंधन पर बनी है। हम हाइड्रोजन बसों में से एक का परीक्षण करेंगे और बड़ी संख्या में पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को तैनात करने के लिए उत्सुक है। भारतीय नौसेना को अपने भागीदार के रूप में चुनने के लिए मैं इंडियनऑयल को धन्यवाद देना चाहूँगा। यह बस हमारे आदर्श वाक्य - भारतीय नौसेना - युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार बल को सुशोभित करेगी।

इंडियन ऑयल के अध्यक्ष श्री एस एम वैद्य ने इस पहल के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, आज, भारतीय नौसेना के लिए इस उन्नत ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन सेल बस के माध्यम से स्थिरता और पर्यावरणीय प्रबंधन की हमारी साझा खोज में यह प्रयास एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं। साथ ही नवाचार और हरित प्रौद्योगिकी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा, हम कल की जरूरतों को पूरा करने वाले नवोन्मेषी, दूरदर्शी समाधानों के साथ अपने रक्षा बलों का निरंतर समर्थन करते हैं। इंडियनऑयल हरित हाइड्रोजन और ईंधन सेल प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने में अग्रणी रहा है।'' यहां यह उल्लेख करना उचित है कि इंडियनऑयल वर्तमान में दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में 15 ईंधन सेल बसें चला रहा है, जो कुल 300,000 किलोमीटर का माइलेज देती हैं, जहां प्रत्येक बस के कम से कम 20000 किलोमीटर चलने की उम्मीद है। इस पहल का उद्देश्य हेवी-ड्यूटी ई-मोबिलिटी के लिए हाइड्रोजन और ईंधन सेल प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना है, जिससे भारतीय नौसेना को भारत की प्रमुख ऊर्जा कंपनी इंडियनऑयल के सहयोग से इस तकनीक का मूल्यांकन करने में अग्रणी बनाया जा सके। यह परियोजना दिल्ली एनसीआर क्षेत्र की व्यस्त परिस्थितियों में सार्वजनिक परिवहन के लिए ईंधन सेल इलेक्ट्रिक बसों के प्रदर्शन का आकलन करेगी, ईंधन सेल प्रणालियों और वाहनों के प्रदर्शन पर स्थानीय ईंधन और वायु गुणवत्ता के प्रभाव का विश्लेषण करेगी। इसके अतिरिक्त, आम जनता के उपयोग के लिए ईंधन सेल बसों की प्रभावशीलता और परिचालन विश्वसनीयता का मूल्यांकन करेगा।

दैनिक
# विश्व परिवार
## महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 26 जुलाई 2024

### कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

**रायपुर (पीआईबी)।** कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती के अवसर पर कल, 26 जुलाई, 2024 को केन्द्रीय विद्यालय, डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी, रायपुर में एक भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाई,केंद्रीय संचार ब्यूरो,रायपुर द्वारालगायी जा रही है। यह भव्य चित्र प्रदर्शनी दर्शकों के लिए प्रातः 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। प्रदर्शनी के साथ ही साथअन्य कई गतिविधियां जैसे चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता आदि आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विद्यालयीन छात्र-छात्राएं और एन.सी.सी. कैडेट्स शामिल होंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### ज्योति स्नान पर्व समारोह में जाने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु 03 जोड़ी गाड़ियों का दतिया स्टेशन में अस्थायी ठहराव

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** ग्वालियर-झाँसी सेक्शन में स्थित दतिया स्टेशन में दिनांक 01 से 08 अगस्त, 2024 तक आयोजित ज्योति स्नान पर्व में जाने-आने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली 03 जोड़ी गाड़ियों का 02 मिनट का अस्थायी ठहराव दतिया स्टेशन में दिनांक 01 से 08 अगस्त, 2024 तक दिया जा रहा है। विवरण इस प्रकार है- गाड़ी संख्या 12409/12410 रायगढ़-निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस का 02 मिनट का अस्थायी ठहराव दिनांक 01 से 08 अगस्त, 2024 तक दतिया स्टेशन में रहेगी। गाड़ी संख्या 12807/12808 विशाखापटनम-निजामुद्दीन-विशाखापटनम समता एक्सप्रेस का 02 मिनट का अस्थायी ठहराव दिनांक 01 से 08 अगस्त, 2024 तक दतिया स्टेशन में रहेगी। गाड़ी संख्या 16424/16423 छिंदवाड़ा-दिल्ली सराई रोहिल्ला-छिंदवाड़ा पतालकोट एक्सप्रेस का 02 मिनट का अस्थायी ठहराव दिनांक 01 से 08 अगस्त, 2024 तक दतिया स्टेशन में रहेगी।

### नाबालिग बालिका को अकेले रेल यात्रा करते देख अग्रिम कार्यवाही हेतु बाल कल्याण समिति के सुपूर्द किया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 24.07.2024 को रेलवे स्टेशन रायपुर में चेकिंग के दौरान उप निरीक्षक के.बी गुप्ता, प्रधान आरक्षक



पी.के. मेश्राम, प्रधान आरक्षक व्ही.सी. बंजारे व आरक्षक एस.के. गिरी के द्वारा एक बालिका को प्लेटफॉर्म नंबर 01 में स्थित महिला वेटिंग के बाहर अकेले डरे सहमे हालत में देखकर पास जाकर पूछताछ किया तो उसने बताया कि, उसके परिवार वाले उसकी शादी कर देना चाहते है, लेकिन वह शादी नही करना चाहती है और डर है कि, घर जाने पर उसके परिवार वाले जबरदस्ती उसकी शादी कर देगे, इसलिये घर से भाग कर घर आ गई है। पूछने पर अपना नाम व पता लक्ष्मी मुण्डा पिता जोगेन्द्र मुण्डा उम्र 17 वर्ष निवासी ग्राम डाकडेरा पोस्ट जुजुमुरा थाना सिंदुरपंख जिला संबलपुर (उडीसा) बताई तथा उसने बताया कि कल दिनांक 23.07.2024 को रात्रि में रायपुर स्टेशन आई है, उसके पहले टिटलागढ रेलवे स्टेशन में थी और 03 दिन से संबलपुर अपने घर से निकली है। उक्त नाबालिक बालिका को अकेले यात्रा करना सुरक्षा कारणो से सही नही होने एवं घर नही जाने की ईच्छा व्यक्त करने के कारण उसे मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार कार्यरत स्टेशन मास्टर रायपुर के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम कार्यवाही हेतु अध्यक्ष बाल कल्याण समिति रायपुर छ.ग. को सुपूर्द किया गया।

# अमृत 2.0 योजना : छत्तीसगढ़ में 2541 करोड़ रुपए लागत की 111 परियोजनाओं का अनुमोदन

### सांसद बृजमोहन अग्रवाल के सवाल पर मंत्री तोखन साहू ने दी जानकारी, छत्तीसगढ़ में पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिलाने के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रयास जारी

**स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और जगलपुर चिन्हित**

**छत्तीसगढ़ में जनजातीय परिपथ विकास के लिए 94.23 करोड़ रुपए जारी**





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की 111 परियोजनाओं का अनुमोदन किया गया है। लोकसभा में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के सवालों का जवाब देते हुए आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री तोखन साहू ने जानकारी दी कि, छत्तीसगढ़ में 2541 करोड़ रुपए की 111 परियोजनाओं का अनुमोदन किया गया है जिसमे से 18 परियोजनाओं के लिए 772.5 करोड़ रुपए प्रदत किए गए है और 1769 करोड़ रुपए लागत की 93 परियोजना, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट/ निविदा चरण में हैं।

छत्तीसगढ़ में जनजातीय परिपथ के तहत जशपुर-कुनकुरी -मैनपाट-कमलेशपुर- महेशपुर कुरदार- सरोधदादर- गंगरेल- कोंडागांव-नथियानवगांव के विकास के लिए 94.23 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। बिलासपुर और जगलपुर को स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत चिन्हित किया गया। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर कार्य कर रहा है। रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा लोकसभा में पूछे गए सवाल पर पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जानकारी दी है।

जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ समिति संपूर्ण भारत में घरेलू पर्यटन 2020 कोरोना महामारी से पहले के स्तर पर पहुंच चुका है विदेशी पर्यटकों की संख्या भी इस वर्ष महामारी पूर्व के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है।

छत्तीसगढ़ में जनजातीय परिपथ के तहत जशपुर-कुनकुरी -मैनपाट-कमलेशपुर- महेशपुर कुरदार- सरोधदादर - गंगरेल- कोंडागांव-नथियानवगांव के विकास के लिए 94.23 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। साथ ही स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत राज्य में बिलासपुर और जगलपुर को चिन्हित किया गया है।


अग्रवाल के सवाल पर जानकारी देते हुए पर्यटन मंत्री ने बताया कि देश की समृद्ध विरासत और संस्कृति के बारे में नागरिकों में जागरूकता पैदा करने और देश के भीतर नागरिकों को यात्रा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देखो अपना देश पहल शुरू की गई है।

इतना ही नहीं बेहतर सेवा मानक प्रदान करने के लिए जनशक्ति को प्रशिक्षित एवं उन्नत करना।

पर्यटकों की सहायता के लिए देश भर से सूप प्रशिक्षित पेशेवर पर्यटक सुविधा कर्ताओं का समूह बनाकर ऑनलाइन शिक्षक मंच तैयार करना, 24म7 बहुभाषी पर्यटक हेल्पलाइन की शुरुआत की गई है। विदेशी पर्यटकों के लिए ई वीजा पर्यटक, बिजनेस, मेडिकल, मेडिकल अटेंडेंट, कॉन्फ्रेंस समेत 7 श्रेणियों में प्रदान किया जा रहा है।

मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत देश में 14 थीम आधारित परिपथों के तहत 76 परियोजनाओं को 4865 हजार करोड़ रुपए जारी किए है।

## एस.एम.सी. हॉस्पिटल में हुआ दुर्लभ ट्यूमर (ट्विस्टेड टेराटोमा) का सफल इलाज



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** हमारे संस्थान एस.एम.सी. हार्ट इंस्टिट्यूट एवं आई वी एफ रिसर्च सेंटर में एक 26 वर्षीय युवती बीते दो दिनों से पेट में तीव्र दर्द की शिकायत लेकर पहुंची वह दो दिनों से खाना खाने एवं पानी पीने में भी असमर्थ थी रात में भर्ती होने के पश्चात उसकी सोनोग्राफी रिपोर्ट देखने पर पता चला की उसके एक अंडाशय में 15 छ्रूका बड़ा गाँठ (काम्प्लेक्स ओवेरियन ट्यूमर) है जो अपनी जगह पर 4 बार घूम चूका था, जिसके कारण अंडाशय में खून का दौरा बंद हो जाने से इस्चेमिक डैमेज एवं संक्रमण का खतरा रहता है, यह एक काम्प्लेक्स ट्यूमर था जिसमे कैंसर होने का भी रिस्क रहता है, परन्तु टॉरशन ( ट्यूमर के घूम जाने) के कारण इसको तुरंत निकालना ज़रूरी था एवं कैंसर के रिस्क के कारण बिना फ़टे निकालना ज़रूरी था, ऐसे में डॉ प्रज्ञा सूर्यवंशी, डॉ तुषार मालेवार और दक्ष ओ टी टीम के द्वारा 10 जुलाई को सफल ऑपरेशन कर मरीज के दूसरे अंडाशय को बचा दिया गया जिससे भविष्य में वह गर्भधारण करने में भी सक्षम होगी, अब मरीज पूरी तरह स्वस्थ है, कई बार महिलाओ का ओवेरियन ट्यूमर या एंडोमेट्रिओसिस आदि के कारण सर्जरी करने से अंडाशय के डैमेज होने का जोखिम बना रहता है, एवं इससे उनका एग रिज़र्व बहुत कम हो जाता है और भविष्य में उनके खुद के अंडे से माँ बनने की सम्भावना कम हो जाती है, उन्हें कम उम्र में ही डोनर एग लेने की ज़रुरत पड़ सकती है, ऐसे में जितना हो सके अंडाशय को बचाने से भविष्य में गर्भधारण करने में आसानी हो सके।

## मुख्यमंत्री से मिले मनोहर गौशाला के ट्रस्टी, पाठ्यक्रम में गौ सेवा से संबंधित विषय शामिल करने की मांग

**मुख्यमंत्री को रिसर्च पेपर व गाय एक वरदान की भेंट**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मनोहर गौशाला के ट्रस्टी और जीव जंतु कल्याण बोर्ड भारत सरकार के मानद प्रतिनिधि अखिल जैन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर स्कूलों के पाठ्यक्रम में गौ सेवा से संबंधित विषय शामिल करने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि नई सोच वाली नई पीढ़ी ही भविष्य को सकारात्मक बनाए रख सकता है। इसके लिए बच्चों को मानव सेवा, पर्यावरण सेवा, आर्थिक उत्सर्जन के स्रोत आदि की जानकारी से शिक्षित किया जाता है, लेकिन पशु सेवा, गौ सेवा के प्रति सहानुभूति विकसित नहीं किया जा रहा है। इसे करने से समृद्ध भारत की रूपरेखा तय की जा सकती है। स्कूलों के पाठ्यक्रम में यदि गौ सेवा को भी स्थान दिया गया तो बच्चों में पशुओं के प्रति नई परिकल्पना को जन्म दिया जा सकता है। इससे भविष्य में नए भारत का विकास संभव है। इस विचार पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया है। उन्होंने जल्द ही इसके लिए पहल करने की बात कही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात के दौरान सर्वप्रथम उन्होंने गोबर से बने वैदिक माला से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद गौशाला में होने वाले रिसर्च पेपर, गाय एक वरदान किताब, गोबर व किचन वेस्ट से बने मनोहर आर्गेनिक गोल्ड भेंट की। जैन ने गौशला में चल रहे रिसर्च और निर्माणाधीन पशु चिकित्सालय की जानकारी दी। साथ ही कामधेनू माता के दर्शन के लिए निमंत्रण दिया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय मंत्री प्रभारी ओडिशा बंगाल के उमेश चंद पोरवाल भी मौजूद थे।

## गुल्लू में 132/33 के.वी विद्युत उपकेंद्र ऊर्जीकृत, 100 गाँव और 12, 000 से अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

**प्रदेश में ईएचटी ट्रांसफार्मर क्षमता अब 25, 354 एम.वी.ए.**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने आज रायपुर जिले के अंतर्गत ग्राम गुल्लू (आरंग) में 132/33 के.वी क्षमता के विद्युत उपकेंद्र में 40 एम.वी.ए क्षमता के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मर को ऊर्जीकृत किया।

गुल्लू स्थित 132 के.वी उपकेंद्र परिसर में आज दोपहर 132/33 के.वी क्षमता के विद्युत उपकेंद्र में 40 एम.वी.ए क्षमता के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मर को ऊर्जीकृत किया गया। इस उपकेंद्र को 132 के.वी माठखरोरा उपकेंद्र से विद्युत आपूर्ति हो रही है। जिसके लिए लगभग 19 किलोमीटर लंबी लाइन स्थापित की गई है। इस कार्य की लागत लगभग 33 करोड़ रूपए है। गुल्लू उपकेंद्र के ऊर्जीकृत होने के साथ प्रदेश में 132 के.वी उपकेंद्रों की संख्या बढ़कर 134 हो गई है। दिसंबर 2023 के बाद गुल्लू के अलावा बैजलपुर (कबीरधाम जिला) में 132 के.वी उपकेंद ऊर्जीकृत किया गया है। पाटन में 132/33 के.वी उपकेंद्र को 220 के.वी उपकेंद्र के रूप मे उन्नत किया गया है। इस अवसर पर एम.डी पारेषण श्री राजेश कुमार शुक्ला ने बताया है कि राज्य गठन के समय प्रदेश की पारेषण प्रणाली में अति उच्चदाब ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता 3552 एम.वी.ए थी, जो अब बढ़कर 25, 354 एम.वी.ए. हो गई है। हम विद्युत आपूर्ति की सुगमता एवं गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में अनेक बड़े कदम उठा रहे हैं, जिसका लाभ निकट भविष्य में मिलेगा। गुल्लू उपकेंद्र से आरंग, मंदिर हसौद क्षेत्र के लगभग 100 से अधिक गाँवों और 12, 000 से अधिक उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर ई.डी. श्री के.सी मनोठिया, श्री संजय पटेल, श्री आर.सी अग्रवाल, श्री एम.एस चैहान, मुख्य अभियंतागण श्री अविनाश सोनेकर, श्री जी. आनंदराव, श्री अंबस्ट, एस.डी.एम श्री पुष्पेंद्र, अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्र तथा अन्य अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता आदि उपस्थित थे।

## बूढ़ातालाब परिसर रख-रखाव : पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों ने अपनी कार्य एजेंसी को मौके पर दिये विस्तृत दिशा-निर्देश

**नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारी भी रहे बैठक में शामिल**

**नवंबर से पर्यटन मंडल कर रहा है बूढ़ा तालाब परिसर का संचालन एवं संधारण**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** गत् 17 नवंबर से बूढ़ा तालाब-विवेकानंद सरोवर परिसर के संचालन व रख रखाव की ज़िम्मेदारी निभा रहे पर्यटन बोर्ड द्वारा नियुक्त कार्य एजेंसी एम.एम.पी. वॉटर स्पोर्ट्स प्रा. लि. की टीम को विस्तृत दिशा निर्देश देने बूढ़ा तालाब परिसर में पर्यटन बोर्ड ने नगर निगम, रायपुर स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल, जीएम (तकनीकी) श्री पी.के. पंचायती, एजीएम इमरान खान, बोर्ड की पर्यटन अधिकारी भावना श्रीवास्तव, एडवेंचर स्पोर्ट्स शाखा के प्रमुख संतोष रैदास, एम.एम.पी. वॉटर के विजय कुमार शामिल रहे।

बैठक में कार्य एजेंसी से कहा गया कि बूढ़ातालाब परियोजना तथा आईलैंड हेतु किए गए 03 उच्चदाब संयोजन संबंधित फर्म एम.एम.पी. वॉटर स्पोर्ट्स अपने नाम पर नामांतरित करेगी तथा अपनी आवश्यकता अनुसार विद्युत संयोजन में अनुबंधित भार कम या ज्यादा कर सकती है। यह फर्म संपूर्ण बूढ़ातालाब परिसर परिक्रमा स्थल में आवश्यक प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करेगी तथा वर्तमान में स्थापित सभी अधोसंरचना, उपकरण एवं विद्युत सामग्री का संचालन एवं संधारण उनके द्वारा किया जाएगा। तात्कालिक व्यवस्था अंतर्गत फर्म द्वारा अस्थाई विद्युत मीटर कनेक्शन लेकर कार्यवाही की जाएगी।

इस बैठक में फर्म को यह भी निर्देशित किया गया है कि परिसर का व्यवस्थित रख रखाव उनकी प्राथमिक ज़िम्मेदारी है। परिसर में लगे सभी विद्युत व सुरक्षा उपकरण, रोशनी व्यवस्था, नागरिकों की मूलभूत सुरक्षा व्यवस्था के साथ बच्चों के आमोद-प्रमोद के सभी प्रबंध मानक स्तर के साथ संचालित करें। एजेंसी से यह भी कहा गया है कि परिसर की सफ़ाई का पूरा ध्यान रखें और पर्याप्त सफ़ाई कर्मी की तैनाती रखे। समयबद्ध रोस्टर तैयार कर यहाँ लगे उपकरणों की नियमित जाँच करे एवं नागरिक सुझावों पर त्वरित अमल के लिए अपना सिस्टम तैयार करें।

## 2014-24 के दौरान रेलवे में 5.02 लाख उम्मीदवारों की भर्ती की गई, कोविड-19 के चलते लगाए गए प्रतिबंधों में ढील के बाद कंप्यूटर आधारित टेस्ट के जरिए 1,30,581 उम्मीदवारों की भर्ती हुई

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय रेलवे के आकार, स्थानिक वितरण और संचालन की गंभीरता को देखते हुए इसमें रिक्तियां होना और उन्हें भरा जाना एक निरंतर प्रक्रिया है। इसके नियमित संचालन, प्रौद्योगिकी में आते बदलाव, मशीनीकरण और इनोवेटिव पद्धतियों पर खरा उतरने के लिए समुचित और उपयुक्त कार्यबल प्रदान किया जाता है। रेलवे के ऑपरेशंस और तकनीकी जरूरतों के अनुसार ही उसके द्वारा भर्ती एजेंसियों के जरिए मांगपत्र जारी करके रिक्तियों को मूलतः भरा जाता है।

कोविड-19 के कारण लगाए गए प्रतिबंधों में ढील के बाद 2.37 करोड़ से ज्यादा उम्मीदवारों की प्रतिभागिता वाली दो प्रमुख परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की गई हैं। 1.26 करोड़ से ज्यादा उम्मीदवारों के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) परीक्षा 28.12.2020 से 31.07.2021 तक 7 चरणों में, 68 दिनों में, 133 शिफ्टों में, 211 शहरों और 726 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इसी तरह 1.1 करोड़ से ज्यादा उम्मीदवारों के लिए सीबीटी 17.08.2022 से 11.10.2022 तक 5 चरणों में, 33 दिनों में, 99 शिफ्टों में, 191 शहरों और 551 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इन परीक्षाओं के आधार पर रेलवे में 1, 30, 581 उम्मीदवारों की भर्ती की गई है।

रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) की परीक्षाएं काफी तकनीकी प्रकृति की होती हैं, जिसमें बड़े पैमाने पर कर्मचारियों और संसाधनों को जुटाना और जनशक्ति को प्रशिक्षित करने का काम शामिल होता है। रेलवे ने इन सभी चुनौतियों को पार किया और सभी निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके से भर्ती सफलतापूर्वक आयोजित की। पूरी प्रक्रिया के दौरान पेपर लीक या इसी तरह की किसी भी गड़बड़ी की घटना नहीं हुई।

**सरकार लोको रनिंग क्रू के कार्य माहौल में सुधार और ट्रेन संचालन की सुरक्षा के लिए कदम उठा रही है**

भारतीय रेलवे में 2004-2014 के दौरान और 2014-2024 के दौरान की गई भर्तियों का ब्यौरा इस प्रकार है- अवधि -2004-14, भर्ती - 4.11 लाख, अवधि - 2014-24, भर्ती - 5.02 लाख।

इसके अलावा, व्यवस्था में सुधार होने पर रेल मंत्रालय ने इस साल ग्रुप 'सी' के विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती के लिए वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित करने की व्यवस्था शुरू की है। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में सहायक लोको पायलट, तकनीशियन, सब-इंस्पेक्टर और कांस्टेबल के पदों को भरने के लिए जनवरी से मार्च 2024 के दौरान 32, 603 ??रिक्तियों के लिए चार केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं (सीईएन) अधिसूचित की गई हैं।

इस वार्षिक कैलेंडर की शुरुआत से उम्मीदवारों को निम्नलिखित तरीके से लाभ होगा- उम्मीदवारों के लिए ज्यादा अवसर, हर साल पात्रता हासिल करने वालों को अवसर, परीक्षाओं की निश्चितता, भर्ती प्रक्रिया, प्रशिक्षण और नियुक्तियों में तेजी।

लोको रनिंग स्टाफ के लिए कार्य माहौल और सुरक्षा उपायों में सुधार- रेलवे अधिनियम, 1989 के अंतर्गत तैयार किए गए रेलवे कर्मचारी (काम के घंटे और आराम की अवधि) नियम, 2005 में रेलवे कर्मचारियों के वर्गीकरण से जुड़े प्रावधान और उनके ड्यूटी घंटों और आराम की अवधि के लिए प्रावधान किए गए हैं, जिनका पालन ड्यूटी रोस्टर तैयार करने में किया जाता है। ड्यूटी के घंटे, रात्रि ड्यूटी की संख्या, आउट-स्टेशन आराम की सुविधा, मुख्यालय में आराम की संख्या और घंटों को अच्छी तरह से परिभाषित किया गया है और उनकी बारीकी से निगरानी की जाती है।

लोको रनिंग क्रू के कार्य माहौल में सुधार के लिए कई कदम उठाए गए हैं और ट्रेन संचालन की सुरक्षा में सुधार के लिए पहलें की गई हैं, जो इस प्रकार हैं- लोको रनिंग स्टाफ के आराम और उनके कर्तव्यों को आसान बनाने के लिए इंजनों में सुधार।

लोको रनिंग स्टाफ की कठिन ड्यूटी के मद्देनज़र कई कदम उठाए गए हैं और उन्हें क्रियान्वित किया गया है, जो इस प्रकार हैं- पिछले 10 वर्षों में तीन चरण वाले लोको का उत्पादन बढ़ा है, जिसमें बेहतर सीटें, लोको और सहायक लोको पायलट के बेहतर आराम के लिए ड्राइवर डेस्क जैसी एर्गोनोमिक क्रू फ्रेंडली डिज़ाइन सुविधाएं शामिल हैं। यानी 2014 से अब तक 7, 286 तीन चरण वाले लोको का निर्माण किया गया है, जबकि 2014 से पहले 719 का निर्माण किया गया था।

2017-18 से बनाए गए सभी नए लोको में वातानुकूलित कैब प्रदान की गई हैं। अब तक 7, 000 से ज्यादा लोको में एयर कंडीशनर प्रदान किए जा चुके हैं। बनाए जा रहे सभी नए लोको में ड्राइविंग के दौरान सतर्कता खोने की स्थिति में लोको पायलटों की निगरानी और चेतावनी देने के लिए तकनीकी सहायता के रूप में सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) प्रदान किए जाते हैं। 2014 से 12, 000 से ज्यादा (10, 521 इलेक्ट्रिक + 1, 873 डीजल) लोको में वीसीडी प्रदान की गई है।

### मुख्यमंत्री से बैगा जाति के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज विधानसभा परिसर स्थित उनके कार्यालय कक्ष में बैगा जनजाति के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। नवल सिंह बैगा के नेतृत्व में कबीरधाम जिले के ग्राम बोहील और आगरपानी से आए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का परंपरागत ढंग से स्वागत किया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा।

## दैनिक विश्व परिवार से जुड़ें...

छत्तीसगढ़ के सबसे विश्वसनीय दैनिक समाचार पत्र एवं वेबसाइट ''**दैनिक विश्व परिवार**'' से जुड़े और पाए अपनी खबरों को प्रकाशित कराने अवसर।

''**दैनिक विश्व परिवार**'' दे रहा है सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में युवा एवं प्रतिभावान पत्रकारों को मौका अपने जिले की हर खबर को प्रमुखता से प्रकाशित कराने का अवसर।

साथ ही छत्तीसगढ़ के समस्त जिले, विधानसभा, ब्लॉक स्तर पर रिपोर्टरों और विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है। अपनी खबरों को ''**दैनिक विश्व परिवार**'' के माध्यम से जनता तक पहुंचाए। हमसे जुड़ने के लिए निचे दिए गए नंबर पर करे अपनी खबरे साजा।

सम्पर्क : 99810-93065, 62662-63552

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान



कटे होंठ व तालु का
निःशुल्क ईलाज स्माइल
ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354